पारा आपडेट
मैक्सिमम 35.00 | मिनीमम 20.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 18.22
सूर्योदय (कल) ▸ 05.08
बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत 2083

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, गुरुवार 14 मई 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 08 अंक : 308 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।
प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।
email - jharkhanddarshan405@gmail.com
Phone - 91025 69636, 92625 78999

## सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित, 85.20% विद्यार्थी पास

# एक बार फिर लड़कियों ने दिखाया अपना जलवा

● लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा
● लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 रहा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जो पिछले साल के मुकाबले 3.19 प्रतिशत कम है। परीक्षा परिणाम में लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर रहा है।

बोर्ड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 17,80,365 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 17,68,818 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 15,07,109 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। पास प्रतिशत में 3.19 प्रतिशत की कमी आई, जो 2025 के 88.39 प्रतिशत से घटकर 2026 में 85.20 प्रतिशत हो गया।

सीबीएसई के अनुसार लड़कियों का पास प्रतिशत 88.86 रहा, जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.13 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस तरह लड़कियों ने लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

सीबीएसई ने कहा कि छात्रों की डिजिटल मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज डिजिलॉकर के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट और डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म के जरिए अपना परिणाम देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई की कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की गई थीं।

### क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र 95.62% के साथ अव्वल

क्षेत्रवार प्रदर्शन में त्रिवेंद्रम क्षेत्र सबसे आगे रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। इसके बाद चेन्नई, बेंगलुरु और विजयवाड़ा क्षेत्र का स्थान रहा। दिल्ली पश्चिम क्षेत्र का परिणाम 92.34 प्रतिशत और दिल्ली पूर्व क्षेत्र का परिणाम 91.73 प्रतिशत रहा। ओवरऑल दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत 91.97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि प्रयागराज में सबसे कम 72.43 प्रतिशत पास प्रतिशत रहा।

### विदेश में सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 फीसदी रहा

विदेश स्थित सीबीएसई स्कूलों का परिणाम 90.50 प्रतिशत रहा। वहीं दिव्यांग (सीडब्ल्यूएसएन) विद्यार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 90.16 प्रतिशत दर्ज किया गया। बोर्ड ने बताया कि इस वर्ष 1,63,800 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो कुल परीक्षार्थियों का 9.26 प्रतिशत है। इसके अलावा, 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 94,028 रही, जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले 17,113 विद्यार्थी रहे।

**केंद्रीय विद्यालयों का परिणाम सबसे बेहतर :** स्कूलों के प्रदर्शन की बात करें तो केंद्रीय विद्यालयों (केवी) का परिणाम सबसे बेहतर रहा, जहां 98.55 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) का परिणाम 98.47 प्रतिशत रहा। सरकारी स्कूलों का 89.55 प्रतिशत, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का 86.07 प्रतिशत, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का 85.55 और स्वतंत्र स्कूलों का परिणाम 84.22 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नई दिल्ली।** चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित परीक्षा नीट यूजी 2026 प्रश्न पत्र लीक का मामला उच्चतम न्यायालय पहुंच गया है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने नीट 2026 के आयोजन में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के प्रणालीगत विफलता को चुनौती दी है।एफएआईएमए ने मामले की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा कराने और इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के पूर्व जज की अध्यक्षता में कराने की मांग की है। याचिका में नीट 2026 दोबारा कराने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक हाई-पावर्ड मॉनिटरिंग कमेटी बनाने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि जब तक नई स्वतंत्र परीक्षा संस्था औपचारिक रूप से नहीं बन जाती, तब तक इसी न्यायिक समिति की निगरानी में नीट 2026 की दोबारा परीक्षा कराई जाए।

### तिरुपुर में सड़क हादसा, पुलिसकर्मी समेत छह की मौत

**तिरुपुर (तमिलनाडु)।** तिरुप्पुर जिले के वेल्लाकोविल-करूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलिस चेक पोस्ट के पास आज तड़के सड़क हादसे में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी समेत 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सड़क के डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पुलिसकर्मी रविचंद्रन हटा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार एक कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और ट्रक से टकरा गई। हादसे में पुलिसकर्मी रविचंद्रन , ट्रक चालक और कार में सवार चार लोगों समेत कुल 6 लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। सभी के शव सरकारी अस्पताल भेजे गए हैं। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। वेल्लाकोविल पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोनिया गांधी नियमित जांच के बाद अस्पताल से घर लौटीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच के बाद घर लौट आईं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में बताया कि सोनिया गांधी ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच कराने के बाद अब घर पहुंच चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 मार्च को उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय फेफड़ों से संबंधित समस्या के चलते डॉक्टर अरूप बसु की देखरेख में उनका इलाज किया गया था।

## केंद्र सरकार ने 37,500 करोड़ की सतही कोयला गैसीकरण योजना को दी मंजूरी

# सतही कोयले के गैसीकरण से देश की ऊर्जा निर्भरता कम होगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत वाली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश में सतही कोयला (लिग्नाइट) को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करने का है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसे बहुत बड़ा फैसला बताते हुए कहा कि भारत के पास लगभग 200 साल का कोयला भंडार है और अब इसका उपयोग गैस बनाने में किया जाएगा। इस योजना से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की संभावना है। गैसीकरण से देश की ऊर्जा निर्भरता कम होगी और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी), यूरिया, अमोनिया और मीथेनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम होगी।

उल्लेखनीय है कि भारत के पास दुनिया के सबसे बड़े कोयला भंडारों में से एक है, जिसमें लगभग 401 अरब टन कोयला और 47 अरब टन लिग्नाइट शामिल है। कोयला देश की ऊर्जा खपत का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा पूरा करता है। गैसीकरण से कोयला और लिग्नाइट को 'सिंथेसिस गैस' (सिंगैस) में बदला जाता है, जिसका उपयोग ईंधन और रसायन बनाने में किया जाता है। इससे भारत को एलएनजी, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, अमोनिया, कोकिंग कोल और मीथेनॉल जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

● 2030 तक 100 मिलियन टन सतही कोयले का गैसीकरण करके ऊर्जा उत्पन्न करना लक्ष्य



### गैसीकरण संयंत्रों को प्रोत्साहन दिया जाएगा

केंद्रीय कोयला मंत्रालय ने बताया कि योजना के तहत नए सतही कोयला (लिग्नाइट) गैसीकरण संयंत्रों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। संयंत्र और मशीनरी की लागत का अधिकतम 20 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा। परियोजनाओं का चयन पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया से होगा। किसी एक परियोजना को अधिकतम 5 हजार करोड़ रुपये तक का प्रोत्साहन दिया जा सकेगा। किसी एक उत्पाद के लिए अधिकतम 9 हजार करोड़ रुपये और किसी एक कंपनी समूह के लिए अधिकतम 12 हजार करोड़ रुपये तक की सीमा तय की गई है।

### अहमदाबाद-धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने गुजरात के अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच देश की पहली सेमी हाई-स्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है और इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने बुधवार को गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा तक सेमी हाईस्पीड डबल रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत करीब 20,667 करोड़ रुपये है। इसे वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेल मंत्रालय की यह परियोजना भारतीय रेल की पहली सेमी हाईस्पीड रेल परियोजना होगी, जिसे स्वदेशी तकनीक के आधार पर विकसित किया जाएगा।

### खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने खरीफ फसलों के वर्ष 2026-27 के लिए एमएसपी में बढ़ोतरी की है। धान में 72 रुपये, ज्वार में 324 और मक्का पर 10 रुपये प्रति क्वींटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके अलावा सूरजमुखी के बीज पर 622 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है।

# बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 के हिंसा मामलों की फिर से होगी जांच

● शुभेंदु अधिकारी ने दिए केस दोबारा खोलने के निर्देश



एजेंसी

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों की दोबारा समीक्षा और जांच कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इस संबंध में सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों को आदेश जारी किया है।

राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अवैध पशु तस्करी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामलों की जांच को लेकर गंभीर शिकायतें मिली हैं। आदेश में कहा गया, '2021 विधानसभा चुनाव के बाद आपके अधिकार क्षेत्र में दर्ज राजनीतिक हिंसा के पुराने मामलों की उचित कानूनी कार्रवाई के लिए समीक्षा की जाए।'

सरकार ने निर्देश दिया है कि 2021 चुनाव बाद हिंसा मामलों में दाखिल अंतिम रिपोर्टों की सावधानीपूर्वक जांच की जाए और जहां जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या कमी पाई जाए, वहां मामलों को दोबारा खोलकर विस्तृत जांच की जाए। आदेश में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी, लेकिन प्रारंभिक जांच में संज्ञेय अपराध सामने आते हैं, वहां नए मामले दर्ज किए जा सकते हैं।

### व्यापक हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं

उल्लेखनीय है कि, 2021 विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों में व्यापक हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। भाजपा ने उस चुनाव में 77 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा हासिल किया था। वर्ष 2016 में पार्टी के पास केवल तीन सीटें थीं। चुनाव बाद हिंसा के दौरान हत्या, दुष्कर्म, तोड़फोड़, आगजनी और भाजपा कार्यकर्ताओं तथा उनके परिवारों पर हमले के कई आरोप सामने आए थे।

## एनआई ने हिजबुल आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से किया प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े वांछित आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से भारत सफल प्रत्यर्पण कराया। एजेंसी ने उसके यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे से हिरासत में ले लिया। एनआईए के अनुसार शेरा हिजबुल मुजाहिदीन के नार्को टेरर मॉड्यूल का मास्टरमाइंड था और उसके खिलाफ अक्टूबर 2020 से गैर जमानती वारंट जारी था। जून 2021 में इंटरपोल नोटिस भी जारी किया गया था। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी कर पंजाब में नेटवर्क चला रहा था और हवाला चैनलों के जरिए इसकी कमाई पाकिस्तान व कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन के संचालकों तक पहुंचाता था।

शेरा ने पंजाब में अपने सहयोगियों का गिरोह बनाकर बड़े पैमाने पर हेरोइन की तस्करी, बिक्री से धन संग्रह और उसे आतंकी गतिविधियों के लिए भेजने की साजिश रची थी। वह पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन के संचालकों से सीधे संपर्क में था।

एजेंसी ने बताया कि मामला मूल रूप से पंजाब पुलिस ने दर्ज किया था जब हिजबुल का कार्यकर्ता हिलाल अहमद शेरगोजरी पकड़ा गया था। उसके पास से 29 लाख रुपये की नशीली दवाओं की कमाई बरामद हुई थी। आगे की जांच में गिरोह के अन्य सदस्यों से 32 लाख रुपये और बरामद किए गए।

# तमिलनाडु में टीवीके सरकार ने हासिल किया बहुमत

● 144 मत में 27 एआईएडीएमके सदस्यों का भी समर्थन



एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। विजय को अपना बहुमत साबित करने के लिए 117 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें सदन में 144 विधानसभा सदस्यों का समर्थन मिला। सरकार के पक्ष में एआईएडीएम के 27 सदस्यों ने भी मतदान किया।

तमिलनाडु में राजनीतिक हलचल के बीच आज सुबह 9:30 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई। तमिलगा वेत्रि कड़गम पार्टी के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण था। पहली बार राज्य में चुनाव लड़ने वाली टीवीके ने राज्य में सरकार बनाई है। आज टीवीके सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही शुरू की। इसके बाद टीवीके की सरकार के विश्वास मत के लिए मतदान कराया गया। तमिलनाडु की टीवीके सरकार को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम 118 विधायकों का समर्थन चाहिए। विश्वास मत के दौरान सरकार को 144 सदस्यों का समर्थन मिला और बहुमत हासिल कर लिया है।

टीवीके सरकार के पक्ष में पार्टी के 106 के अतिरिक्त कांग्रेस के 5, विदुथलाई चिरुथैगल काची के 2, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 2, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 2 और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के 2 विधायकों ने भी मतदान किया। इसके साथ ही निर्दलीय विधायक कामराज ने भी सरकार को समर्थन दिया। इसके अलावा एआईएडीएमके के 27 सदस्यों ने भी सरकार के पक्ष में मतदान किया। इस प्रकार मुख्यमंत्री विजय ने सदन में बहुमत साबित कर दिया है।

**शपथ ग्रहण** एन रंगासामी ने पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, दो अन्य मंत्रियों ने भी लिया शपथ

# एन. रंगासामी ने पांचवीं बार सभाली पुडुचेरी की बागडोर

एजेंसी

**पुडुचेरी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उप राज्यपाल कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली।



आज सुबह 9:47 बजे उप राज्यपाल भवन परिसर में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। मल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु में शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई, जबकि तीसरे क्रम में तमिल थाई वाज्थु गाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एक सप्ताह के भीतर मंत्रियों का पूर्ण शपथ ग्रहण होगा। विभागों का आवंटन उसी समय घोषित किया जाएगा।

पांचवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रंगासामी पैदल विधानसभा पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस परेड की सलामी ली और अपने कक्ष में महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि 'पुडुचेरी का पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनना मेरे लिए खुशी की बात है। आज हमने कई योजनाओं से संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए हैं। पीले राशन कार्डधारकों को भी बीमा योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है। अब तक केवल लाल राशन कार्डधारकों को बीमा सुविधा प्राप्त थी।'

अब पुडुचेरी में पीले राशन कार्डधारकों को सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध न होने वाले उपचार के लिए निजी अस्पतालों में खर्च की गई राशि में अधिकतम 3 लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। इस राशि का वहन राज्य सरकार करेगी।

### 'नमो पुडुचेरी' योजना पर किए हस्ताक्षर

उन्होंने सेदरापेट क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की फाइल पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। पुडुचेरी के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में 'नमो पुडुचेरी' कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके तहत बुनियादी ढांचे का विकास,अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधाएं, तकनीकी उपकरण, अनुसंधान का वातावरण और विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। खेलों के विकास के लिए स्टेडियम निर्माण की फाइल पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत 9 अप्रैल को पुडुचेरी में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना 4 मई को हुई थी। जिसके बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता एन. रंगासामी के नेतृत्व में राज्य में एक बार फिर गठबंधन सरकार बनी है।

## दिल्ली हाई कोर्ट का गूगल-ऐपल को पोर्नोग्राफी बढ़ाने वाले ऐप्स पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गूगल और ऐपल को निर्देश दिया है कि वो अपने प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर पोर्नोग्राफी और वेश्यावृति को बढ़ावा देने वाले ऐप पर सख्त कार्रवाई करें। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि वो पूरी पीढ़ी को बर्बाद करने की अनुमति नहीं दे सकते हैं।

कोर्ट ने गूगल, ऐपल और केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वो पोर्नोग्राफी और वेश्यावृति को बढ़ावा देने वाले ऐप को रोकने के लिए कार्रवाई को लेकर एक एक्शन टेकन रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट ने कहा कि गूगल और ऐपल अपने प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर ऐसे ऐप अपलोड होते समय ही रोकें। कोर्ट ने कहा कि आईटी रूल्स 2021 के दिशा-निर्देशों के मुताबिक इंटरमीडियरी को ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने में न केवल मुख्य भूमिका निभानी है, बल्कि उन्हें अपलोड होते समय भी कानून के मुताबिक कार्रवाई करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गूगल और ऐपल जैसे इंटरमीडियरी को आईटी रुल्स के मुताबिक शिकायतों पर गौर करते हुए उन्हें तुरंत रोकना होगा।

याचिका रुबिका थापा ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील तन्मय मेहता ने कहा कि ये ऐप आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देकर करोड़ों डॉलर की कमाई कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी चेतन शर्मा ने याचिकाकर्ता की चिंताओं से सहमति जताते हुए कहा कि इन ऐप्स के खिलाफ सरकार सख्त कदम उठाएगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 14 मई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीवेंकटेश्वर मंदिर में लगी भक्तों की भारी भीड़

**रांची।** राजधानी रांची रातू रोड स्थित प्रसिद्ध दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में बुधवार को बुधे-भद्रा सिद्धियोग में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की अपरा (अचला) एकादशी का व्रतोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीवेंकटेश्वर को शुभ -सुवासित पूजन-सामग्रियों को विधि से अर्पण करके वेदके मंत्रों से षोडषोपचार पूजा किया गया। अलग-अलग मंत्रों एवं तरह-तरह के उपचारपूर्वक भगवान का आवाहन, आसन, पाद्य, अर्ध्य, मधुपर्क, वस्त्र, यज्ञोपवीत, आभूषण, गन्ध, पुष्प,धूप और दीप से तिरूवाराधन संपादन हुआ। इसके बाद भगवान की महाआरती की गयी। बाद में पदमावती वल्लभ भगवान को कई तरह के अमृतमय व्यंजनों का बालभोग नैवेद्य चढाया गया। फिर विविध स्तोत्र मालाओं से स्तवन-वंदना किया गया। श्रद्धालु भक्तों की भीड़ से दिनभर मंदिर परिसर भरा रहा। जय-जयकार की ध्वनि से मंदिर गूंजायमान हो उठा। सहस्त्रनाम अर्चना लक्ष्मी स्टोत्तर अर्चना और वेंकटेश स्टोत्तर सतनाम अर्चना मंत्रों के स्वर मन को मुग्ध कर रहा था।
इस अवसर पर सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

### पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। माधव लाल सिंह, गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। वे सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वे गोमिया क्षेत्र के विकास, आम लोगों की समस्याओं और आम लोगों से सीधे जुड़ाव के कारण जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।

### रांची नगर निगम के मजदूरों का प्रदर्शन 14 को

**रांची।** झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम के मजदूर 14 मई को श्रम भवन के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी यूनियन के अध्यक्ष भवन सिंह ने बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रदर्शनकारी मजदूर दोपहर में मेकन गेट के समीप एकत्र होंगे। वहां से श्रम भवन के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में नगर निगम के दैनिक मजदूर क्षौर ठेका कर्मियों के शामिल होने की संभावना है। यूनियन की प्रमुख मांगों में झारखंड उच्च न्यायालय के निर्णय पर मजदूरों का स्थायीकरण, बोनस, छुट्टी, मातृत्व अवकाश, धुलाई भत्ता, डीए एरियर का भुगतान और काम से हटाए गए मजदूरों की पुनर्बहाली शामिल है। इसके अलावा न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने, चालकों को 24 हजार और हेवी ड्यूटी चालकों को 26 हजार रुपये वेतन देने की मांग भी उठाई जाएगी।

### कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार जश्नः प्रतुल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 3000 करोड़ के बहुचर्चित टेंडर घोटाले के मुख्य आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता जश्न मना रहे हैं जो झारखंड की राजनीति के नैतिक पतन का सबसे बड़ा उदाहरण है। प्रतुल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और उनके सहयोगियों ने जिस प्रकार बेल उत्सवमनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म का नहीं बल्कि जश्न का विषय बन चुका है। प्रतुल ने कहा कि जिस व्यक्ति के निजी सचिव के सहायक के यहां से ईडी की छापेमारी में 32 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुआ, जिस मामले में उस सहायक जहांगीर आलम ने स्वयं स्वीकार किया कि पैसा आलमगीर आलम का है, उस मामले में बेल मिलने पर कांग्रेसियों का जश्न राज्य की जनता का अपमान है। बेल को कांग्रेस बाइज्जत बरीकी तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि देश की जनता जानती है कि बेल न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है, भ्रष्टाचार मुक्त होने का प्रमाणपत्र नहीं। प्रेस वार्ता में झारखंड प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

### रिश्वतखोरी के मामले में एक कंपनी के प्रतिनिधि की याचिका उच्च न्यायालय से खारिज



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय से शिव मशीन टूल कंपनी, चेन्नई के प्रतिनिधि हितेश वी शाह को राहत नहीं मिली। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने उनके डिस्चार्ज पिटीशन को निचली अदालत की ओर से खारिज किए जाने एवं चार्ज फ्रेम किए जाने को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाएं खारिज कर दीं। कोर्ट ने इस पर बुधवार को फैसला सुनाया। मामले में ईडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास एवं अधिवक्ता सौरभ कुमार ने पक्ष रखा था। दरअसल, मेकॉन के सीनियर मैनेजर मेटालर्जिकल विंग यूएन मंडल ने दो कंपनियां शिव मशीन टूल, चेन्नई और जैल इंडिया केमिकल, रांची को अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कायार्देश दिया था। मामले को लेकर सीबीआई ने 30 अक्टूबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज की थी। वहीं, इसी केस को आधार बनाते हुए ईडी ने ईसीआइआर दर्ज किया था। आरोप है कि मेकॉन के सीनियर मैनेजर ने उक्त दोनों कंपनियों को कायार्देश देने के लिए 1.65 करोड़ रुपये रिश्वत ली थी।

# कोलकाता में खुला झारक्राफ्ट इम्पोरियम, झारखंडी हस्तशिल्प कला को मिलेगा बड़ा बाजार

संवाददाता

**रांची।** झारखंड की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने की दिशा में बुधवार को कोलकाता के थिएटर रोड में झारक्राफ्ट के नए इम्पोरियम का उद्घाटन किया गया। झारखंड सरकार के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर उद्योग सचिव अरवा राजकमल भी उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री ने कहा कि यह इम्पोरियम केवल बिक्री केंद्र नहीं बल्कि झारखंड के कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इससे राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी और ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर सिल्क, डोकरा कला, बांस और लकड़ी के शिल्प की देशभर में अलग पहचान है।
उद्योग सचिव ने कहा कि सांस्कृतिक नगरी कोलकाता में झारक्राफ्ट की शुरुआत दो राज्यों की कला और विरासत को जोड़ने का माध्यम बनेगी। वहीं, झारक्राफ्ट प्रबंधन ने भविष्य में अन्य महानगरों में भी नए इम्पोरियम खोलने की योजना की जानकारी दी।
समारोह में विभागीय अधिकारी और झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पहाड़ी मंदिर में जरूरतमंदों के बीच आइसक्रीम वितरण



संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से चलाए जा रहे जन सेवा अभियान के तहत बुधवार को रांची के पहाड़ी मंदिर परिसर में ठंडी-ठंडी आइसक्रीम वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
शाखा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित यह सेवा कार्य शाखा सदस्य पायल जैन के सहयोग से किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों के बीच आइसक्रीम वितरित कर सेवा और सहयोग का संदेश दिया गया।
पायल जैन ने बताया कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के साथ समाज में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भावना को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्य किए गए।
अध्यक्ष शुभा अग्रवाल ने कहा कि मंच की ओर से लगातार सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# प्री-एसआईआर कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मंजूनाथ भजन्त्री

संवाददाता

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्री (पूर्व)-विशेष मतदान पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ पर कार्रवाई के निर्देश दिया है। समाहरणालय सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने दो टूक कहा कि प्री-एसआईआर कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी।
बैठक में उन्होंने सभी निवार्ची निबंधक पदाधिकारियों को कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही बीएलओ के रूप में कार्यरत ऐसे शिक्षकों का शहर से स्थानांतरण करने का निर्देश दिया गया, जो संबंधित पदाधिकारियों को रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं।
बैठक में 58-तमाड़, 61-सिल्ली,



62-खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया, 65-कांके और 66-मांडर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे प्री-एसआईआर कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है और कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए।
उन्होंने घर-घर सत्यापन, स्टीकर लगाने और नोशनल हाउस नंबरिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिया। अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने पर भी जोर दिया गया।
उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में वर्ष 2003 की मतदाता सूची प्रकाशित करने का निर्देश देते हुए कहा कि इससे लोगों को नाम खोजने और मैपिंग कार्य में सुविधा होगी।
बैठक में प्रभारी उपविकास आयुक्त संजय भगत, जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के निवार्ची निबंधक पदाधिकारी मौजूद थे।

# रांची नगर निगम ने अवैध विज्ञापन पर की कार्रवाई, 25 हजार रुपये का ठोका जुर्माना

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु लगातार विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों एवं दीवारों पर आकर्षक कलाकृतियां एवं पेंटिंग बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य न केवल शहर की सौंदर्यता को बढ़ाना है, बल्कि नागरिकों के बीच स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश प्रसारित करना भी है।
इन कलाकृतियों एवं पेंटिंग के माध्यम से शहर की पहचान को सकारात्मक रूप दिया जा रहा है, जिससे रांची को एक स्वच्छ एवं आकर्षक शहर के रूप में विकसित किया जा सके। नगर निगम द्वारा लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं ताकि सार्वजनिक स्थलों का संरक्षण हो तथा शहर की दीवारें स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनी रहें। इसके बावजूद यह



देखा जा रहा है कि कुछ संस्थाओं एवं प्रतिष्ठानों द्वारा सार्वजनिक दीवारों एवं स्थलों पर अवैध रूप से पोस्टर, बैनर एवं विज्ञापन चिपकाए अथवा पेंट किए जा रहे हैं, जिससे शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है तथा नगर निगम द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों को नुकसान पहुंच रहा है।
इसी क्रम में रांची नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए एक निजी प्रतिष्ठान (सिक्योरिटी एजेंसी) के विरुद्ध सार्वजनिक दीवार पर अवैध रूप से विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में 25,000 (पच्चीस हजार) रुपये का जुर्माना लगाया गया है। निगम द्वारा संबंधित संस्था को भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से बचने की चेतावनी भी दी गई है।
नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों एवं दीवारों पर बिना अनुमति किसी प्रकार का विज्ञापन, पोस्टर या पेंटिंग करना नगर निगम अधिनियम एवं संबंधित नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में आगे भी नियमित निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी तथा नियम उल्लंघन करने वालों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।
रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों, संस्थाओं एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की है कि शहर की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें तथा सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से विज्ञापन प्रदर्शित न करें। नागरिकों की सहभागिता से ही रांची को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित शहर बनाया जा सकता है।

### श्रमिकों का हड़ताल का दूसरा दिन, मजदूर रहे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

रांची। ट्रांसपोर्ट श्रमिकों के हड़ताल के दूसरा दिन बुधवार को झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा अपने श्रमिक साथियों के साथ गौशाला चौक रांची में दोपहर को सामूहिक भोजन किया। बंदी में लोडिंग, अनलोडिंग, दुलाई, बुकिंग, डिलीवरी के जैसे सभी कार्य पूर्णरूप से बंद रहे। इस मौके पर श्रमिकों को अपने संबोधन में ललित नरायण ओझा ने कहा हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमरा नारा है। कहा कि श्रमिक साथी के सम्मान हक और अधिकार के लिए जब तक श्रमिकों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। श्रमिक मेहनत करके भूखे पेट सोएगा तो प्रदेश की सप्लाई चैन की व्यवस्था भी बंद कर दी जाएगी ' हर हाल में श्रमिकों को उनके अधिकार देने की बात होनी चाहिए। न की श्रमिकों का शोषण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के योगदान के बिना आप राज्य के अर्थव्यवस्था को विकास के रास्ते पर नहीं लेकर जा सकते हैं। मजदूर साथी में गौरी शंकर, मनोज पासवान, दिनेश राय, रामप्रीत राय, रुदल राय, संजय राय, वीरो राय, बलिन्दर राय, जग्गू राय, परमानन्द राय, शम्भू राय, आखिलेश चौधरी, संजय राय, गोरख राय, सुरेंद्र पासवान, कालेश्वर राय श्रमिक मजदूर साथी के साथ संजय कुमार जायसवाल भी उपस्थित होकर समर्थन किया।

# लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने चला दी गोली

- बाल बाल बची बस के ड्राइवर की जान
- पीसीआर टीम की बहादुरी से एक धराया
- बाद में तीन और लुटेरे दबोचे गये
- कट्टा, खोखा और मोबाइल जब्त

वरीय संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा चौक के पास खड़ी नालंदा जाने वाली जीवन ज्योति नामक बस में मंगलवार की रात लूटपाट की करने के दौरान गोली चलाने वाले चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए शहर एसपी पारस राणा ने बताया कि जीवन ज्योति नामक यात्री बस नवादा जाने के लिए अरगोड़ा चौक से पहले रुक कर नो इंट्री खत्म होने का इंतेजार कर रही थी, उसी दौरान वहां हथियारों से लैस चार लुटेरे पहुंच गये जिसमें से दो बस में चढ़ कर ड्राइवर की कनपट्टी में कट्टा सटा दिया और पैसे मांगने लगे, ड्राइवर द्वारा इंकार करने पर एक अपराधी ने दो गोली चला दी यह देख ड्राइवर सिर नीचे कर लिया जिससे गोली शीशे को



छेद करते हुए बाहर निकल गयी,जिससे उसकी जान बाल बाल बच गयी।एसपी श्री राणा ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनते ही चौक पर तैनात पीसीआर की टीम भागते हुए बस के पास पहुंच गयी तब पुलिस को देखते हुए तीन अपराधी वहां से भाग निकले जबकि फायरिंग करने वाले एक अपराधी की चालक द्वारा पहचान करने के बाद पुलिस उसे खदेड़ कर पकड़ ली। उन्होंने बताया कि बाद में थाने के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जिले के पुलिस कप्तान को घटना से अवगत कराया, एसएसपी के द्वारा शहर एसपी के निर्देश पर टीम का गठन कर गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर देर रात अन्य तीन अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

# रांची लोकल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा

## 250 से ज्यादा बंद रहेंगे लोकल ट्रांस्पोर्ट

वरीय संवाददाता



**रांची।** रांची लोकल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन रांची की एक बैठक ऐसोसिएन के संरक्षक बिन्दुल वर्मा के अध्यक्षता में गौशाला चौक स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें ट्रांसपोर्टों के समस्या के निदान को लेकर अनिश्चितकाल के लिए बंदी की घोषणा की गई। साथ ही इसके लिए चारों क्षेत्र में उड़न दस्ता का गठन किया गया। अगर किसी भी ट्रांसपोर्ट में माल लोडिंग अनलोडिंग करते होते हुए पकड़े गए तो लिए गए निर्णय के अनुसार उसे ट्रांसपोर्टर को सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत किया जाएगा और 5000 का आर्थिक दंड लेने का भी निर्णय लिया गया है। श्री वर्मा ने बताया की हड़ताल में लगभग 250 से ज्यादा लोकल ट्रांस्पोर्ट संचालक हैं। इसमें लगभग 2 हजार से ज्यादा कर्मचारी, वहन मालिक, ड्राइवर, श्रमिक कार्य करते हैं। हड़ताल का असर इनके साथ इनके परिवार पर भी पड़ेगा। बैठक में काफी संख्या में लोकल ट्रांस्पोर्ट संचालक उपस्थित हुए।

# रांची नगर निगम द्वारा बरियातू रोड से बूटी मोड़ तक चला सघन अतिक्रमण मुक्त अभियान

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को निगम की इनफोर्समेंट टीम द्वारा बरियातू रोड, बड़गई चौक, पीएचईडी चौक से बूटी मोड़ तक सघन अतिक्रमण मुक्त अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई।
अभियान के दौरान मार्ग के दोनों ओर अवैध रूप से लगाए गए ठेला, गुमटी एवं अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया।



निगम की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए दो दुकान, छह काउंटर, 70 फ्रूट कैरेट तथा चार ठेला जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त पांच अवैध संरचनाओं को भी हटाया गया। वहीं नालियों के ऊपर अवैध रूप से बनाए गए ढांचों को भी हटाया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः सार्वजनिक स्थलों एवं सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। निगम के अधिकारियों ने कहा कि शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा तथा नियम उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर ऑरेंज अलर्ट

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। 15 मई को राज्य के उत्तर -पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है।
इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



### सामान्य से 04 डिग्री तापमान कम

रांची और आसपास के इलाके सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश की वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से 09 से 05 डिग्री कम है।
वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 44.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई उनमें तिलैया डीवीसी में 39.2 मिमी, कोडरमा डीवीसी में 15.2 मिमी, मंझरी में 14.2 मिमी, हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में ०8.6 मिलीमीटर, रामगढ़ में 07 मिलीमीटर बड़ी में ०5.2 मिलीमीटर और गुमला जिले के बिशनपुर में 04.5 मिलीमीटर सहित अन्य इलाके शामिल हैं।

### रांची में हुई झमाझम बारिश

बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। इससे प्रचंड गर्मी महसूस की गई। दोपहर बाद रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहे और गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39 और न्यूनतम 27.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 39 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नीतीश कुमार से मिले प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से राज्यसभा सांसद एवं झारखण्ड प्रदेश जदयू अध्यक्ष खीरू महतो ने पटना में मुलाकात की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने बताया कि मुलाकात के दौरान खीरू महतो ने जदयू झारखंड संगठन के संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी दी। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए उनका मार्गदर्शन लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खीरू महतो को पूरे राज्य का भ्रमण कर संगठन को और बेहतर एवं धारदार बनाने का निर्देश दिया।

**Before the Notary Public, Bokaro**
**AFFIDAVIT**
I Laxmi devi wife of Ramkrit kumar Saw resident of at sector 1B, Jhopari, B. S. City district- Bokaro do hereby solemnly affirm and declare on oath as under:-
1. that my actual and correct name old adh card Laxmi devi but my name has been mentioned in my new adhar card correction as Gudiya devi which is pukaru called name .
2. that I want to mentioned my name Laxmi devi in, place of Gudiya devi in my adhar card correction.
3. that my actual and correct date of birth is my pan card 25.6.1988 but my date of birth mentioned in my adhar card 1.1.1988.
4. that I want to mentioned my date of birth 25.6.1988 in place of 1.1.1988 in my adhar card.
5. that I am swearing this affidavit to submit it before the competent authority for needful.
No.-1581 Date :- 05-05-2026

## संक्षिप्त खबरें

### गोमिया ने खोया अपना अभिभावक और भरोसे का नेता

**बोकारो।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक और बिहार व झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे माधव लाल सिंह (माधो बाबू) के निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। माकपा बोकारो जिला कमेटी की ओर से भागीरथ शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि माधव बाबू आम जनता के बीच 'भरोसे के नेता' के रूप में स्थापित थे। उनका जाना न केवल गोमिया बल्कि पूरे झारखंड की धर्मनिरपेक्ष राजनीति के लिए एक अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभाओं में वक्ताओं ने कहा कि माधव बाबू गोमिया के सुदूर जंगली इलाकों में रहने वाले जरूरतमंद आदिवासियों और विलुप्तप्राय विरहोर जनजाति के बीच एक अभिभावक के रूप में लोकप्रिय थे। वे अपनी स्पष्टवादिता और धर्मनिरपेक्ष छवि के लिए जाने जाते थे। पक्के धर्मावलंबी होने के बावजूद उन्होंने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की राजनीति की। उनके निधन से क्षेत्र की जनता ने अपना सबसे सुलभ और विश्वसनीय नेता खो दिया है। माधो बाबू के निधन पर बोकारो थर्मल और बेरमो क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा दुख जताया है। शोक प्रकट करने वालों में भाकपा के बेरमो अंचल मंत्री ब्रज किशोर सिंह, मो. शाहजहां, रामेश्वर साव, आबिद परवेज, जानकी महतो, भाजपा नेता भरत यादव, श्रवण सिंह, राजद नेता अनवर आलम, सांसद प्रतिनिधि जितेन्द्र यादव, मंजूर आलम और जिप सदस्य शहजादी बानो सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। सभी ने उनके शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

### अच्छे रिजल्ट के लिए कॉमर्स टॉपर प्रिया ने फोन से अनइंस्टॉल कर दिए थे सारे सोशल मीडिया एप्स, सीए बनने की तमन्ना



**बोकारो।** कॉमर्स संकाय में 99.4 प्रतिशत अंक के साथ डीपीएस बोकारो में सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल करने वाली छात्रा प्रिया पालबाबू ने बताया कि उसने एग्जाम के समय पूरी तन्मयता के साथ रोजाना लगभग चार घंटे पढ़ाई की। खास बात यह रही कि उसने परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए उस दरम्यान अपने फोन से तमाम सोशल मीडिया एप्स को अनइंस्टॉल कर दिए थे, ताकि पढ़ाई की एकाग्रता बनी रही। विषयवार प्रिया ने अकाउंटेंसी में 100, बिजनेस स्टडीज में 100, इकोनॉमिक्स में 99, पेंटिंग में 100, इंग्लिश कोर में 98 और अप्लाइड मैथमेटिक्स में 97 अंक प्राप्त किए। वर्क एक्सपीरियंस, हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन और जनरल स्टडीज, तीनों में उसने ए1 ग्रेड हासिल किया। प्रिया ने 500 में से 497 अंक हासिल किए। अपनी इस सफलता का श्रेय उसने विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया है। ओडिशा में व्यवसायी अजीत कुमार पालबाबू और गृहिणी लीला पालबाबू की सुपुत्री प्रिया की दिली ख्वाहिश आगे चलकर एक सफल चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) बनने की है। उसे फाइनेंस में रुचि रही है। 10वीं में उसे 96.8 प्रतिशत अंक मिले थे। वह अपने पिता को ही अपना आदर्श मानती है। पढ़ाई के अलावा पेंटिंग का भी उसे काफी शौक है और कराटे में राष्ट्रीय स्तर की वह खिलाड़ी भी रह चुकी है।

# बीजीएच में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सिंग समुदाय का हुआ वंदन

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रतिष्ठित बोकारो जनरल अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सिंग जगत की सेवा और निष्ठा को समर्पित एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। बीजीएच ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम आवर नर्सेस, आवर फ्यूचर झ नर्सेस सेव लाइव्स रखी गई थी, जिसके माध्यम से नर्सिंग समुदाय की करुणा, अथक परिश्रम और मानवता के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। दीप प्रज्वलन और केक कटिंग के साथ प्रारंभ हुए इस उत्सव ने स्वास्थ्य सेवा में नर्सों की भूमिका को एक नई पहचान और सम्मान प्रदान किया।



नर्स दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में नर्सिंग स्टाफ ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए गीत, नृत्य और कविता पाठ जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यक्रमों ने ऑडिटोरियम के वातावरण को अत्यंत भावपूर्ण और उत्साहपूर्ण बना दिया। उपस्थित वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सें स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ होती हैं, जो चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी मरीजों की मुस्कान और उनके स्वास्थ्य की रक्षा के लिए तत्पर रहती हैं। बीजीएच के वरिष्ठ अधिकारियों ने नर्सिंग पेशे की पवित्रता और इसके भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए सभी नर्सों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नर्स दिवस के पावन अवसर को और अधिक सार्थक बनाने की दिशा में बोकारो महिला समिति ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समिति द्वारा बीजीएच के वार्ड 3-बी के समीप मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा हेतु एक अत्याधुनिक वॉटर प्यूरीफायर मशीन का उद्घाटन किया गया। यह मशीन न केवल स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध कराएगी, बल्कि आवश्यकतानुसार गर्म जल की सुविधा भी प्रदान करेगी। इस नई सुविधा के प्रारंभ होने से अस्पताल परिसर में आने वाले सैकड़ों लोगों को स्वच्छ जल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। महिला समिति की इस पहल को अस्पताल प्रबंधन ने जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास बताया है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नर्सिंग कर्मियों ने मरीजों की सेवा का नया संकल्प दोहराया। अस्पताल प्रशासन ने इस बात पर जोर दिया कि बीजीएच की पहचान यहां की उत्कृष्ट नर्सिंग सेवा से ही जुड़ी हुई है। वॉटर प्यूरीफायर के उद्घाटन के दौरान उपस्थित परिजनों ने भी बोकारो महिला समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। इस पूरे आयोजन ने न केवल स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी पुनर्जीवित किया। सेवा, सुरक्षा और सुविधा के इस संगम के साथ नर्स दिवस समारोह का सफल समापन हुआ।

## 95प्रतिशत अंक के साथ दिशा पाणिग्रही बनी बी.पी.एस. टॉपर



झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में सेक्टर - 3 स्थित बोकारो पब्लिक स्कूल के दिषा पाणिग्रही ने 95% अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में स्कूल टॉपर बनी, आदित्या कुमार 94 प्रतिशत अंक, श्लोक ईशान, अर्पित, आयुश 92 प्रतिशत अंक, अर्थव अक्षत 90 प्रतिशत, शुभम कुमार 85 प्रतिशत, तनुश्का कुमारी एवं लक्की कुमार 84 प्रतिशत ने भी अच्छा प्रदर्शन किया वहीं वाणिज्य संकाय का भी रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों के इस शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ० सुधा शेखर, उप - प्राचार्य अंबरीश रंजन पाठक, वरीय शिक्षक अजीत कुमार झा, केदार कुमार, आषीश कुमार, श्रीमती पूनम चौधरी, समीम अंसारी, अक्षय श्रीवास्तव, प्रेमानंद ठाकुर आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी सफल छात्र - छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविश्य की कामना की।

## माधव लाल सिंह का निधन, सार्वजनिक जीवन और समाज के लिए अपूरणीय क्षति : उपायुक्त

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड की राजनीति के एक सशक्त स्तंभ और गोमिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह बिहार एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन से संपूर्ण जिले में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। राज्य सरकार ने दिवंगत जननेता के सार्वजनिक जीवन में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ किए जाने का निर्णय लिया है। झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा इस संबंध में विधिवत आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय के उपरांत बोकारो जिला प्रशासन ने राजकीय सम्मान के अनुरूप अंतिम विदाई की व्यापक तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दी हैं। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के



अंतिम संस्कार को गरिमापूर्ण और विधि-विधान के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा स्वयं तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि राजकीय सम्मान के प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड ऑफ ऑनर और अंतिम यात्रा के मार्ग को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्व. सिंह का निधन बुधवार की सुबह हुआ था, जिसके बाद से ही उनके पैतृक आवास और क्षेत्र में समर्थकों एवं गणमान्य व्यक्तियों का तांता लगा हुआ है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने पूर्व मंत्री के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि माधव लाल सिंह जी का निधन बोकारो जिले के लिए एक अत्यंत दुःखद समाचार है। उन्होंने कहा कि स्व. सिंह ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, सामाजिक समरसता और विशेष रूप से गोमिया क्षेत्र के विकास के लिए जो महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, उन्हें सदैव याद रखा जाएगा। डीसी ने उन्हें एक ऐसा व्यक्तित्व बताया, जिनका संपूर्ण जीवन जनहित के कार्यों को समर्पित रहा। उनका जाना न केवल राजनीतिक जगत के लिए बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

दिवंगत आत्मा की शांति हेतु

## चिन्मय विद्यालय में 99.2 प्रतिशत के साथ अदिति बनी टॉपर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं बोर्ड की परीक्षा में चिन्मय विद्यालय बोकारो के विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों ने अव्वल अंक लाकर पूरे बोकारो जिला का नाम रोशन किया है। परिणाम में कॉमर्स विभाग की अदिति सागर 99.2 प्रतिशत के साथ, 96.4 प्रतिशत अंक के साथ साइंस विभाग की मेहनाज आलम और 96 प्रतिशत के साथ आर्ट्स विभाग की अनामिका कुमारी विद्यालय में अव्वल रही। बता दें कि अदिति सागर ने पेंटिंग में 100 अंक और अकाउंटेंसी में 100 अंक प्राप्त किए हैं। परिणाम सामने आते ही विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, वरीय उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार और उप प्राचार्य डॉ. रोशन शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाकर उनका मुंह मीठा




कराया गया। विभागवार बात करें, तो कॉमर्स विभाग की अदिति सागर को 99.2 प्रतिशत, डोलिका दिक्षा को 97.2 प्रतिशत, अंकित को 96.6 प्रतिशत, सौम्या सिंघानिया को 96.4 प्रतिशत, अथर्व नारायण सिंह को 96.2 प्रतिशत, प्रियम वदा को 96.2 प्रतिशत, श्रिष्टी कुमारी को 96 प्रतिशत, प्रियांशु खंडेलवाल को 95 प्रतिशत, मानस डोकानिया को 94.2 प्रतिशत और केशव केजरीवाल को 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। साइंस विभाग से मेहनाज आलम को 96.4 प्रतिशत, कंगना श्रीवास्तव को 95.8 प्रतिशत, सिद्धांत सिन्हा को 95.8 प्रतिशत, पुष्कर कुमार को 95.2 प्रतिशत, प्राचि सुमन को 95.2 प्रतिशत, जय किशोर को 95.2 प्रतिशत, रोशनी जयसवाल को 95 प्रतिशत, कृष्णा अग्रवाल को 95 प्रतिशत और अंजली कुमारी को 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। आर्ट्स विभाग की अनामिका कुमारी को 96 प्रतिशत, अंकित कुमार साहू को 95.8 प्रतिशत, शिवांगी सिन्हा को 95.6 प्रतिशत, अंक्षिता झा को 94.6 प्रतिशत, नंदनी कुमारी को 94.4 प्रतिशत, अक्षया सिंह को 94.2 प्रतिशत, अनिश कुमार साहू को 94 प्रतिशत, नीव निखिल डांगी को 93 प्रतिशत और रितिका कुमारी को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

### माधव लाल सिंह के निधन पर पूर्व विधायक ने जतायी संवेदना

**बोकारो।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गोमिया के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि माधव सिंह का निधन सिर्फ गोमिया ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड भर के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका राजनीतिक और सामाजिक जीवन अतुलनीय व अनुकरणीय है। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, बेबाक व ईमानदारी पूर्ण व व्यवहार कुशलता से भरा था। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## मानवता की सेवा के लिए डॉक्टर बनना चाहता है साइंस टॉपर आदित्य

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** 99.2 फीसदी अंक लाकर डीपीएस बोकारो के साइंस टॉपर आदित्य मिश्रा की दिली ख्वाहिश आगे चलकर एक सफल चिकित्सक बन मानवता-सेवा करने की है। सेल की रिफैक्ट्री यूनिट (एसआरयू) में मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) प्रजेश चन्द्र मिश्रा एवं गृहिणी सस्मिता मिश्रा का होनहार पुत्र आदित्य शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। विषयवार अंग्रेजी में उसे 100, केमिस्ट्री में 100, बायोलॉजी में 96, फिजिक्स में 99, फिजिकल एजुकेशन में 97 और पेंटिंग में 100 अंक मिले हैं।

वर्क एक्सपीरियंस, हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन और जनरल स्टडीज, तीनों में उसने ए1 ग्रेड हासिल किया। कुल मिलाकर 500 में से उसे 496 अंक मिले। एक सवाल के जवाब में आदित्य ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए



वह रोजाना लगभग छह घंटे पढ़ाई किया करता था। अपनी कामयाबी का श्रेय उसने अपने माता-पिता व परिजनों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। आदित्य को 10वीं में कुल 96.8 प्रतिशत अंक मिले थे। डीपीएस बोकारो में उसने शुरू से ही पढ़ाई की है और हमेशा ही अपनी मेधाविता का परिचय दिया है। वह एनएसईजेएस- 2022 में पूरे राज्य से अकेले सफल रहा था। इसके अलावा, विभिन्न ओलंपियाडों में शानदार प्रदर्शन के लिए बेस्ट ओलंपियाड विनर का पुरस्कार, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता छात्रवृत्ति, साइंस ओलंपियाड में ओलंपियाड रैंक 1, एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड में जोनल रैंक 1, क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड में देश में दूसरा स्थान आदि उसकी कामयाबियों की फेहरिस्त में शामिल हैं।

हाल ही में उसने आईएपीटी की जीव-विज्ञान परीक्षा एनएसईबी में भी सफलता पाई थी। आदित्य को फुटबॉल और कबड्डी खेलना भी पसंद है। एक प्रश्न के जवाब में आदित्य ने बताया कि कोरोना काल उसके जीवन की पढ़ाई में टर्निंग प्वाइंट रहा, जहां से उसने अपनी पढ़ाई को एक नई दिशा दी।

## भारत ओलंपियाड फाउंडेशन की परीक्षाओं में डीपीएस बोकारो के 400 से अधिक विद्यार्थी सफल, 11 को नेशनल रैंक 1

झारखंड दर्शन संवाददाता



बोकारो। दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के छात्र-छात्राओं ने एक बार पुनः अपनी मेधाविता का परचम लहराया है। भारत सरकार के निगमित कार्य मंत्रालय से संबद्ध भारत ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से सत्र 2025-26 के लिए आयोजित विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षाओं में विद्यालय के 400 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी शानदार सफलता दर्ज की है। 11 छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर रैंक वन तथा तीन विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर पहला स्थान पाकर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर रैंक 1 प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। सोशल साइंस/ईवीएस में आश्वी सिंह, अमाया प्रसाद, अनन्या पूर्णिमा प्रधान, अनिमेष आर्या, माहिरा आलम, सजग सूर्यांश पांडेय और शैलजा सान्वी, अंग्रेजी में अक्षत प्रियदर्शी और प्राणिद्य कुमारी मिश्रा, गणित में अंशुमन झा तथा एप्टीट्यूड एवं रिजनिंग में अथर्व कश्यप ने नेशनल रैंक वन पाई। वहीं, लेवल- 2 में अंग्रेजी में ईशान स्नेही ने नेशनल रैंक 2 तथा प्राणिद्य कुमारी मिश्रा में नेशनल रैंक 3 हासिल की। इसके अलावा, राज्य स्तर पर विज्ञान में आयांश प्रियदर्शी, गणित में प्रांशी तथा समन्यु चौधरी ने रैंक वन अर्जित की।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला की संगठनात्मक मासिक बैठक चास स्थित मगध बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी राकेश भास्कर उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी राजनीतिक चुनौतियों और कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं में जोश भरा। इस दौरान संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज एवं संचालन जिला महामंत्री संजय सिन्हा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन के कार्यों को पूरे उत्साह के साथ करें। उन्होंने पड़ोसी राज्य के संदर्भ में आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि अब झारखंड की बारी है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की अपील की और संकल्प दिलाया कि आगामी चुनावों में राज्य में भाजपा की सरकार बनाना ही मुख्य लक्ष्य है। पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने भी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज ने बूथ सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना

## सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में डीपीएस बोकारो का ऐतिहासिक प्रदर्शन

# 99.4 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स में प्रिया, तो साइंस में 99.2 प्रतिशत अंक लाकर आदित्य बने टॉपर

### आर्ट्स में 96.2 फीसदी अंक के साथ रैना रही अव्वल, प्राचार्य ने दी बधाई

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज करते हुए एक बार फिर अपनी कामयाबी का लोहा मनवाया है। कॉमर्स संकाय में मेधावी छात्रा प्रिया पालबाबू ने सर्वाधिक 99.4 प्रतिशत लाकर टॉपर होने का गौरव पाया। वहीं, साइंस में विद्यालय के होनहार विद्यार्थी आदित्य मिश्रा ने 99.2 फीसदी अंक के साथ अव्वल स्थान प्राप्त किया। जबकि, आर्ट्स में रैना रदान्या को सर्वाधिक 96.2 प्रतिशत अंक मिले। इस वर्ष उक्त तीनों संकायों की परीक्षा में कुल 479 विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी के सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। 121 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक मिले, जिनमें 34 परीक्षार्थियों ने 95 फीसदी व इससे अधिक अंक अर्जित किए। 368 को 80 प्रतिशत व इससे ज्यादा अंक मिले। वहीं, 104 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी तादाद में मौजूद थे। डॉ. गंगवार ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों का श्रेय विद्यालय परिवार द्वारा टीम वर्क के रूप में की गई मेहनत, विद्यार्थियों की लगन व उनके परिश्रम के साथ-साथ अभिभावकों की जागरूकता एवं सहयोग को दिया है।

घोषित परिणाम के अनुसार, विज्ञान संकाय के टॉप टेन में शामिल विद्यार्थियों में क्रमशः आदित्य मिश्रा (99.2 प्रतिशत), आयुष सुमन (99 प्रतिशत), अयेशा फलक सिद्दीकी (98.4 प्रतिशत), अमन राज अमन (97.8 प्रतिशत), इशिता दुबे (97.6 प्रतिशत), काव्या सिंह (97.2 प्रतिशत), ईधा सिंह (97 प्रतिशत), आदित्य राज (96.8 प्रतिशत), ईशान गौरव (96.6 प्रतिशत) तथा मयंक व सूर्यांश (दोनों को 96 प्रतिशत) शामिल रहे। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय के सर्वश्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों में क्रमशः प्रिया पालबाबू (99.4 प्रतिशत), श्रुति प्रिया (97 प्रतिशत), आर्यन अग्रवाल (96.2 प्रतिशत), भूमिका रत्नाकर (96 प्रतिशत) एवं वर्तिका जैन (95.2 प्रतिशत) के नाम शामिल हैं। जबकि, कला संकाय के टॉप फाइव में रैना रदान्या (96.2 प्रतिशत), फैजा अथर (96 प्रतिशत), आस्था कुमारी, कुमुद भारती व रिया कुमारी (तीनों को 95.2 प्रतिशत), अक्षत कुमार (94.8 प्रतिशत) एवं आदित्य नारायण (94 प्रतिशत) ने अपनी जगह बनाई।

## सीबीएसई 12वीं में शत-प्रतिशत रहा डीपीएस चास का परीक्षा परिणाम, संचिता बनीं स्कूल टॉपर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में अपनी मेधा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को जारी रखते हुए विद्यालय ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत परिणाम हासिल करने का गौरव प्राप्त किया है। विशेष रूप से विद्यालय के छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने भी अपनी कड़ी मेहनत से शानदार सफलता अर्जित की है, जिसने संस्थान की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद विद्यालय परिसर में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखा गया, जहां सफल विद्यार्थियों ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया। इस वर्ष विज्ञान संकाय की छात्रा संचिता ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि ने अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का संचार किया है। विज्ञान संकाय में ही आर्यन राज ने दूसरा और आदित्य कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को सिद्ध किया। इसी प्रकार कॉमर्स संकाय में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसमें क्रमशः आदर्श कुमार, रोहिणी सिंह और तनुश्री ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर मेधा सूची में अपना नाम दर्ज कराया। इन मेधावियों की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि निरंतर प्रयास और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कलश यात्रा के साथ बांधडीह में भगवान विष्णु महायज्ञ शुरू



**दुगदा।** चंद्रपुरा प्रखंड के कुरुंबा पंचायत अंतर्गत बांधडीह नाई टोला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर प्रांगण बुधवार को भक्तिमय माहौल से सराबोर हो उठा, जब तीन दिवसीय श्री श्री 108 भगवान विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। महायज्ञ को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा पूरे क्षेत्र में भक्ति गीतों और वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज सुनाई दे रही थी। महायज्ञ के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में 251 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। सभी श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर गाजे-बाजे एवं भक्ति धुनों के साथ यज्ञ मंडप से निकले। शोभायात्रा बांधडीह चौक, टी मोड़ और घुटवे होते हुए जमुनिया नदी स्थित डेम तट तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीराम, जय हनुमान, हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारे लगाते चल रहे थे, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण में डूब गया। जमुनिया नदी के तट पर आचार्य पंडित दिवाकर पांडेय एवं मंदिर के पुजारी निर्मल पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। यहां दशविध स्नान, गणेश पूजन, कलश पूजन, गंगा पूजन सहित अन्य वैदिक विधियां पूरी कराई गईं। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरकर पुनः यज्ञ मंडप की ओर प्रस्थान किया। कलश यात्रा के मंदिर परिसर पहुंचने पर विधिवत कलश स्थापना एवं पंचांग पूजन कराया गया। इस धार्मिक आयोजन में समाजसेवी नोमीलाल महतो, कमल ठाकुर, बालेश्वर राम, बालक ठाकुर, दिलीप ठाकुर, जयनाथ ठाकुर, नकुल ठाकुर, मुकेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, विजय ठाकुर, कांशी ठाकुर, दीपक ठाकुर, गुलशन राम, डोमन राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के तहत 14 मई को वैदिक पूजन, पाठ मंडप पूजन, आरनी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य, मंडप परिक्रमा, हवन-पूजन, आरती एवं पुष्पांजलि का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 मई को महाप्रसाद वितरण एवं भव्य भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा। महायज्ञ को लेकर आसपास के गांवों में भी श्रद्धालुओं के बीच विशेष उत्साह बना हुआ है।

### जमीन विवाद को लेकर पचम्बा थाना क्षेत्र में तनाव, पुलिस ने रुकवाया बाउंड्री वॉल निर्माण



**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा सुंदरतांड में जमीन विवाद को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विवादित जमीन पर बाउंड्री वॉल निर्माण को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। फिलहाल पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है और दोनों पक्षों को थाना में उपस्थित होकर मामले का समाधान कराने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार खाता संख्या-1, प्लॉट संख्या-63, कुल रकबा 2 एकड़ 70 डिसमिल भूमि में से 90 डिसमिल जमीन अनूप महतो को खतियान के आधार पर प्राप्त है। प्रथम पक्ष अनूप महतो का कहना है कि वे कई वर्षों से उक्त जमीन पर काबिज हैं और उसी जमीन की घेराबंदी के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण करा रहे थे। अनूप महतो ने आरोप लगाया कि जब वे अपनी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे थे, तभी द्वितीय पक्ष के कलेन्द्र खान और प्रवीण यादव वहां पहुंचे और काम बंद करा दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रात के अंधेरे में पहले से बनाई गई बाउंड्री वॉल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। अनूप महतो का कहना है कि कलेन्द्र खान और प्रवीण यादव उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों ने उन्हें 10 लाख रुपये में जमीन बेचने का दबाव बनाया और मना करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। वहीं इस मामले में प्रवीण यादव ने कहा कि उनका इस जमीन से कोई संबंध नहीं है और उन पर लगाए गए आरोप गलत हैं। दूसरी ओर कलेन्द्र खान ने दावा किया कि उक्त जमीन उन्हें मीणा देवी द्वारा एग्रीमेंट के माध्यम से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जमीन पहले ही नीलाम हो चुकी है तथा वर्ष 1947 में इसकी रजिस्ट्री भी हो चुकी थी। बुधवार सुबह जब प्रथम पक्ष द्वारा दोबारा बाउंड्री वॉल निर्माण कराया जा रहा था, तब सूचना मिलने पर पचम्बा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और निर्माण कार्य रुकवा दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना बुलाकर कागजात प्रस्तुत करने तथा आपसी बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने का निर्देश दिया है।

# सुभाषनगर में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

## भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण व सामान बरामद

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में बेरमो पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बुधवार को बेरमो थाना में प्रेस वार्ता कर बेरमो एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह एवं बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि बोकारो एसपी को एसटीएफ पटना व गुप्त सूचना मिली थी कि बेरमो थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी तत्व अवैध रूप से देशी मिनी गन



फैक्ट्री संचालित कर हथियार निर्माण का कार्य कर रहे हैं। सूचना के आधार पर कार्रवाई के लिए बेरमो एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान राज कुमार सिंह उर्फ बंटी के सुभाषनगर स्थित सीसीएल क्वार्टर में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ। इस दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उस्मान अंसारी (देवघर), मो. रिजवान, मो. इम्तियाज तथा संजय कुमार साव उर्फ संजय कुमार गुप्ता (सभी मुंगेर, बिहार निवासी) शामिल हैं। बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे लंबे समय से अवैध मिनी गन फैक्ट्री संचालित कर रहे थे और तैयार हथियारों को विभिन्न अपराधियों तक पहुंचाते थे। आरोपियों के निशानदेही पर फैक्ट्री से भारी मात्रा में हथियार निर्माण में प्रयुक्त मशीनें, अर्धनिर्मित पिस्टल, बैरल, स्प्रिंग, ड्रिल मशीन समेत कई उपकरण जब्त किये गये है।

**बरामद सामान में शामिल**

पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री जिंदा गोली, अर्धनिर्मित पिस्टल, पिस्टल स्लाइडर, बैरल, ड्रिल मशीन, रेती, रिंच, चाबी, कैंची, गैस रिंच, स्केल, पेचकस, ड्रिल बिट, वेल्डिंग रॉड, विभिन्न आकार के स्प्रिंग तथा हथियार निर्माण में उपयोग होने वाले अन्य उपकरण बरामद किये हैं. साथ ही एक मोटर ग्राइंडर मशीन और बड़ी मात्रा में लोहे के पाइप भी जब्त किये गये. इसके अलावे छह हजार रूपया नगद बरामद हुआ है।

**आरोपियों का रहा है आपराधिक इतिहास**

पुलिस के जांच में गिरफ्तार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है. उस्मान अंसारी पर देवघर एवं मुंगेर के विभिन्न थानों में आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं. वहीं मो रिजवान, मो इम्तियाज और संजय कुमार साव के खिलाफ भी मुंगेर तथा अन्य थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज है. ये सभी अलग-अलग राज्यों में पकडे जाने पर जेल भी जा चुके है।

**नौ मई से सुभाषनगर में चल रहा था मिनी गन फैक्ट्री**

बेरमो एसडीपीओ श्री सिंह व थाना प्रभारी श्री रोहित कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सुभाषनगर में एक सीसीएल के क्वार्टर में नौ मई से अवैध मिनी गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था। एसटीएफ पटना व गुप्त सूचना के आधार पर फैक्ट्री का भंडाफोड किया गया। साथ ही बाकी के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**छापेमारी टीम में कौन कौन थे**

छापेमारी टीम में बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, पुअनि अरुण कुमार, सअनि प्रभात किरण कोकिल, सअनि सुभाष मुर्मू, सअनि हरिचंद्र तिर्की, आरक्षी ललन कुमार सिंह एवं सनातन मरांडी आदि शामिल थे।

## गरीबों के सरपरस्त थे स्व. कृष्ण मुरारी पांडेय : रवींद्र पांडेय

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** मजदूर नेता एवं मजदूर मसीहा स्वर्गीय कृष्ण मुरारी पांडेय की 31वीं पुण्यतिथि बुधवार को फुसरो बाजार स्थित गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय सहित उपस्थित लोगों ने स्व. पांडेय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा फुसरो नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष भाई प्रमोद सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया और स्व. कृष्ण मुरारी पांडेय के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके पिता उनके जीवन के सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने अपना पूरा



जीवन गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे समाज के कमजोर वर्गों के सच्चे सरपरस्त थे। उन्होंने कहा कि स्व. कृष्ण मुरारी पांडेय ने सीसीएल की स्थायी नौकरी से इस्तीफा देकर मजदूरों और शोषितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया था। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता बनाए रखना और उनके बताए आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व सांसद ने यह भी बताया कि उनके पिता के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से क्षेत्र में कई स्कूल, कॉलेज और अस्पतालों की स्थापना कराई गई। सभा में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी स्व. पांडेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपने संसाधनों से बेरमो क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का कार्य किया। वे जाति-पाति और भेदभाव की राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा में विश्वास रखते थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व. कृष्ण मुरारी पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मजदूरों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।

## चतरा पुलिस की बड़ी कामयाबी, 10 लाख के मोबाइल के साथ अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले की ईटखोरी थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुई लाखों रुपये की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के 31 महंगे मोबाइल फोन, एक प्रोफेशनल कैमरा, चार्जर तथा घटना में प्रयुक्त संशोधित मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके के व्यवसायियों और आम लोगों ने राहत की सांस ली है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च को ईटखोरी चट्टी निवासी मोबाइल दुकानदार सूरज कुमार दांगी ने ईटखोरी थाना में अज्ञात चोरों के



विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया था कि उनकी मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और नकद राशि की चोरी कर ली है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल था तथा व्यापारियों में भी नाराजगी देखी जा रही थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए चतरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ईटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस ने कई संभावित ठिकानों पर दबिश देते हुए आखिरकार अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने विभिन्न नामी कंपनियों के 31 स्मार्टफोन बरामद किए। इसके अलावा निकॉन कंपनी का एक प्रोफेशनल कैमरा, उसका चार्जर तथा चोरी की घटना में इस्तेमाल की गई।

## स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त रामनिवास यादव




झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम एबीएचआईएम), रक्त केंद्र संचालन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, आभा कार्ड निर्माण, टीकाकरण अभियान तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना के तहत चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। इसलिए इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सदर अस्पताल स्थित रक्त केंद्र की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने रक्त संग्रहण, भंडारण और वितरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होती है।

## डीएवी ढोरी के विद्यार्थियों ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बेरमो।** डीएवी पब्लिक स्कूल, ढोरी के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया। विद्यालय के कुल 233 छात्र-छात्राएं 12वीं बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें विज्ञान संकाय के 115 तथा वाणिज्य संकाय के 68 विद्यार्थी शामिल थे। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है। विज्ञान संकाय में प्रियंका कुमारी ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंस मेहता ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा पूर्णिमा सिंह ने 83.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंजली कुमारी एवं तनय राज ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान हासिल किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने




अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित अध्ययन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।

वहीं वाणिज्य संकाय में विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। यश चांडक ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। आकांक्षा कुमारी ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा चिया मिश्रा ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित प्रयास तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि डीएवी ढोरी हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों ने पूरे वर्ष अनुशासन एवं लगन के साथ अध्ययन किया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। परीक्षा परिणाम से विद्यालय एवं क्षेत्र में गर्व का माहौल बना हुआ है।

### गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप, उपायुक्त व मुख्यमंत्री से जांच की मांग

**तिसरी/गिरिडीह।** देवरी प्रखंड के मंडरो में संचालित इंडेन गैस एजेंसी बैरिया पर अनियमितता, उपभोक्ताओं के साथ मनमानी और गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर तिसरी प्रखंड के खिजुरी निवासी एवं पूर्व बीस सूत्री सदस्य उपेंद्र साव ने मुख्यमंत्री तथा गिरिडीह उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। उपेंद्र साव ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को ओटीपी का बहाना बनाकर गैस सिलेंडर नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को सिलेंडर लेने के लिए मंडरो स्थित एजेंसी तक जाना पड़ता है, जहां सुबह से लंबी कतार में खड़ा रहने के बावजूद कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को आने-जाने में आर्थिक परेशानी के साथ-साथ पूरे दिन का समय भी बर्बाद करना पड़ता है।

## पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के निधन से गोमिया-बेरमो में शोक की लहर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**तेनुघाट।** गोमिया के पूर्व विधायक एवं बिहार-झारखंड सरकार में मंत्री रह चुके माधवलाल सिंह का बुधवार को रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही गोमिया समेत पूरे बेरमो अनुमंडल में शोक की लहर दौड़ गई। दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर को जब तेनुघाट लाया गया तो उन्हें अंतिम दर्शन देने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी तथा फूल-मालाओं से श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्र के लोगों ने उन्हें जमीन से जुड़ा नेता बताते हुए कहा कि वे हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। कोई भी दुखी व्यक्ति उनके पास जाता था तो वह संतुष्ट होकर लौटता था।





लोगों का कहना था कि ऐसे जनप्रिय नेता अब बहुत कम मिलते हैं। क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा आगे रहते थे।

पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह के पार्थिव शरीर को गोमिया लाने से पूर्व झारखंड विधानसभा परिसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दिवंगत नेता को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सम्मान प्रदान किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राज्य के मंत्री एवं गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद, मंत्री दीपिका पांडे सिंह सहित विधानसभा के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बताया गया कि कुछ दिनों पूर्व अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले बोकारो के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

माधवलाल सिंह गोमिया विधानसभा क्षेत्र की राजनीति का बड़ा चेहरा माने जाते थे। वे वर्ष 1985, 1990, 2000 और 2009 में गोमिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2000 में बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री बने तथा झारखंड राज्य गठन के बाद वर्ष 2003 में भी मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।

उनके पार्थिव शरीर को देखने के लिए क्षेत्र के हजारों लोग उमड़ पड़े और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। लोगों ने एक स्वर में कहा कि माधवलाल सिंह गरीबों के मसीहा थे। गरीबों के स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य जरूरतों में वे हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहते थे। लोगों का कहना था कि उनके जाने से क्षेत्र की राजनीति और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई शायद ही कोई कर सके। रांची से उनके पार्थिव शरीर को उनके आवास लाया गया। इस दौरान गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहे। वहीं बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ भी साथ थे। रांची से गोमिया तक यात्रा के दौरान दर्जनों स्थानों पर लोगों ने रुककर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और नम आंखों से विदाई दी।

गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि माधवलाल सिंह का निधन केवल गोमिया ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने लंबे समय तक राजनीति करते हुए क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दुख की घड़ी में पूरा क्षेत्र उनके परिवार के साथ खड़ा है। इस अवसर पर तेनुघाट मुखिया नीलम श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, देवनारायण यादव, मुन्ना श्रीवास्तव, जगदीश मिस्त्री सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पदोन्नति के साथ देवघर स्थानांतरित हुए अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साव को भावभीनी विदाई

झारखंड दर्शन संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित अपर लोक अभियोजक कार्यालय में बुधवार को अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साव के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों तथा विभिन्न सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विजय कुमार साव का पदोन्नति के साथ देवघर में लोक अभियोजक के पद पर स्थानांतरण हुआ है। उनके स्थानांतरण के बाद सहायक लोक अभियोजक नवीन कुमार मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया। समारोह की शुरूआत स्वागत भाषण के साथ हुई। सहायक लोक अभियोजक नवीन



कुमार मिश्रा ने मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि आज यहां अधिवक्ताओं और सहयोगियों की भारी उपस्थिति यह दशार्ती है कि विजय कुमार साव ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी के दिलों में विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि श्री साव हमेशा अपने दायित्वों के प्रति समर्पित रहे तथा उन्होंने न्यायालय के कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और गंभीरता के साथ संपादित किया। उनके व्यवहार और कार्यशैली ने सभी को प्रभावित किया।

अपने संबोधन में विजय कुमार साव ने कहा कि तेनुघाट में उन्हें जितना स्नेह, सम्मान और सहयोग मिला, उसे वे जीवनभर नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां का वातावरण हमेशा पारिवारिक रहा और सभी अधिवक्ताओं तथा सहयोगियों ने उन्हें अपना सदस्य मानकर साथ दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यहां से जाना ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो अपने परिवार से बिछड़ रहे हों। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तेनुघाट की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी।

### 12वीं की परीक्षा परिणाम में राजकमल का दबदबा , वाणिज्य में यशिका को 97 प्रतिशत, कला में सृष्टि को 98 प्रतिशत एवं विज्ञान में मानसी को 96 प्रतिशत अंक

# विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम ने सफलता का तिलक लगाया : सुमंत मिश्रा















**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, अशोकनगर, धनसार, धनबाद ने इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें अपने होनहार विद्यार्थियों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनके सुनहरे भविष्य की वास्तविक शुरूआत है और उन्हें अपने सपनों का निरंतर पीछा करना चाहिए।

प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और संस्कार विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम ने आज उनके ललाट पर सफलता का तिलक लगाया है। विज्ञान संकाय में मानसी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इस संकाय में 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें शौर्य गुप्ता 95.6 प्रतिशत, शायम 94.8 प्रतिशत, तृषा 94.6 प्रतिशत, ऋषभ 92.8 प्रतिशत, भव्य 91.6 प्रतिशत, शुभाशीष 91.6 प्रतिशत, शांभवी 91.2 प्रतिशत, आर्यन 91.2 प्रतिशत, आदर्श 91 प्रतिशत, रौशन 90.4 प्रतिशत, वैष्णवी 90.2 प्रतिशत, मौसमी 90.2 प्रतिशत, अंकुश 90 प्रतिशत एवं शिवेंद्र तिवारी 90 प्रतिशत शामिल हैं। वाणिज्य संकाय में यशिका अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इस संकाय में 22 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें सृष्टि 96.4 प्रतिशत, प्राची कुमारी 95.8 प्रतिशत, इकवाली जैन 95.4 प्रतिशत, अभिषेक खंडेलवाल 95.4 प्रतिशत, शांभवी सिंह 94.8 प्रतिशत, वैष्णवी 94.6 प्रतिशत, संकेत गोयल 93.8 प्रतिशत, रुचि 93.4 प्रतिशत, अनन्य प्रियांशु 93.4 प्रतिशत, रूद्र राणा 93.4 प्रतिशत, शुभ अग्रवाल 92.8 प्रतिशत, अदिति 91.8 प्रतिशत, श्रुति जायसवाल 91.8 प्रतिशत, तन्मय चौहान 91.6 प्रतिशत, रुद्र प्रताप सिंह 90.6 प्रतिशत, इशिका अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, नैतिक मोदी 90.4 प्रतिशत, सोहन कुमार 90.4 प्रतिशत, जारा करीम 90.2 प्रतिशत, विवेक ठाकुर 90.2 प्रतिशत एवं ईशान कुमार राय 90.2 प्रतिशत शामिल हैं। कला संकाय में सृष्टि कुमारी ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस संकाय में 12 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## संक्षिप्त खबरें

### परीक्षा रद्द होने से टूट रहा छात्रों का मनोबल



**धनबाद।** नीट परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं के कारण परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों एवं अभिभावकों के बीच भारी चिंता और असमंजस का माहौल उत्पन्न हो गया है। वर्षों की कठिन मेहनत के बाद अचानक उत्पन्न हुई इस स्थिति से लाखों छात्र मानसिक तनाव, दबाव और भविष्य को लेकर असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। कई छात्रों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए परीक्षा की विश्वसनीयता पर चिंता व्यक्त की है। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय आनंद ने कहा कि ऐसी घटनाएं छात्रों के मनोबल को गहराई से प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम के बाद जब परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं, तब छात्रों का आत्मविश्वास कमजोर पड़ने लगता है। इसके साथ ही समय-समय पर संगोष्ठी एवं वेब संगोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि छात्रों को सही दिशा, प्रेरणा और बेहतर तैयारी की रणनीति मिल सके। संस्थान द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार पहली परीक्षा 15 मई को आयोजित की जाएगी। इसके बाद नियमित अंतराल पर अन्य परीक्षाएं भी ली जाएंगी, ताकि छात्र पुनः नीट परीक्षा की तैयारी को और अधिक मजबूत बना सकें। संजय आनंद ने विश्वास जताया कि सही मार्गदर्शन और अनुशासन के साथ छात्र पुनः नीट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने चिकित्सक बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गोल इंस्टीट्यूट हर परिस्थिति में छात्रों के आत्मविश्वास और सफलता के लिए उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

### सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में डीएवी कोयला नगर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**धनबाद।** बीसीसीएल टाउनशिप, कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में अमृतोजीत दास गोस्वामी, सुधांशु शेखर एवं नितिन कुमार ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं प्राची सिंह ने 92.8 प्रतिशत, श्रेया कुमारी वर्मा ने 92.2 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी ने 91.4 प्रतिशत, आदित्य राज ने 91 प्रतिशत तथा सक्षम गुप्ता ने 90.7 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा सरीब इकबाल, अवल कुमार गुप्ता और आयुष कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कला संकाय में सिद्धि तारवे ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं चंदन कुमार रवानी ने 90.4 प्रतिशत और सैयद मुजम्मिल हसन ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। वाणिज्य संकाय में पुलकित सिंह ने 93.6 प्रतिशत, अदिति सिंह ने 93.4 प्रतिशत तथा अमृत राज ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या डी.सी. बनर्जी ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में अभिभावकों के समर्पण तथा शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसकी जानकारी शिक्षक एवं मीडिया प्रभारी डॉ. डी.के. सिन्हा ने दी।

## नीट परीक्षा में पेपर लीक के विरोध में क्रांतिकारी युवा संघ ने उठाई आवाज



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**सिन्दरी।** बिरसा परिसर सिन्दरी में क्रांतिकारी युवा संघ की ओर से नीट परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक मामले को लेकर एक प्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के प्रभारी विमल रवानी ने किया। प्रेस सम्मेलन में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा साथी प्रदीप महतो ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि छात्र दिन-रात मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं उनकी मेहनत और विश्वास दोनों को तोड़ देती हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्रांतिकारी युवा संघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। युवा साथी नृपेंद्र कुमार झा ने कहा कि परीक्षा रद्द होने या विवादों में घिरने से लाखों छात्रों को मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई छात्र दूर-दराज के क्षेत्रों से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचते हैं।

## सुवरिया गांव में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन का समापन

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बलियापुर।** प्रखंड क्षेत्र के सुवरिया गांव में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का समापन बुधवार को भव्य कुंज मिलन समारोह के साथ संपन्न हो गया। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भजन-कीर्तन एवं प्रवचन का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा से आए मूल गायक सहदेव दास ने अपने मधुर भक्ति गीतों और प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पंडाल में जुटे रहे। उन्होंने भक्ति, प्रेम और मानवता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को समाज में भाईचारे और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान बलियापुर और कुसमाटांड़ के रंग दलों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं तथा संगीतमय कीर्तन गायन से माहौल को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच 52 भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव की 16 आना कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीबीएसई 12वीं परीक्षा में झारखंड पब्लिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बलियापुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के परिणाम में झारखंड पब्लिक स्कूल, बलियापुर, धनबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। छात्र, अभिभावक और शिक्षक एक-दूसरे को बधाई देते नजर आए। विद्यालय के छात्र मोहम्मद अयान अंसारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आर्यन राज ने 93 प्रतिशत तथा प्रियांशु डे ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। इन छात्रों की उपलब्धि से विद्यालय परिवार में गर्व और उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इन सभी छात्रों ने नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई झारखंड पब्लिक स्कूल से ही पूरी की है। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत से अधिक रहा, जिसे वर्तमान समय के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक माहौल में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विद्यालय के निदेशक अताउर रहमान ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर कांग्रेस कमेटी एवं भुली नगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को धनबाद सदर अंचल कार्यालय परिसर में भ्रष्टाचार, दलाली, रिश्वतखोरी तथा आम जनता की समस्याओं को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं, स्थानीय नागरिकों एवं पीड़ित लोगों ने भाग लिया और अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दाखिल-खारिज, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र, भूमि मापी तथा ऑनलाइन आवेदन निष्पादन जैसे कार्यों में खुलेआम भ्रष्टाचार और दलाली हो रही है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।धरना के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अंचल कार्यालय को दलाल मुक्त बनाने, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने, भ्रष्ट कर्मियों पर कार्रवाई करने तथा पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग की। साथ ही आम जनता के प्रति प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनता के शोषण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस व्यापक जन आंदोलन करेगी। धरना को कालीचरण यादव, मदन महतो, मनोज यादव, इरफान खान चौधरी, महेंद्र दुबे, दिनेश यादव तथा योगेंद्र सिंह योगी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों से अवैध वसूली बंद होनी चाहिए तथा प्रशासन को संवेदनशील होकर जनता के हित में कार्य करना चाहिए। धरना के दौरान कार्यकताओं ने भ्रष्टाचार बंद करो, दलाल राज खत्म करो और जनता को न्याय दो जैसे नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन धनबाद नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन भुली नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गंगा वाल्मीकि ने दिया। कार्यक्रम में मदन महतो, कालीचरण यादव, शाहिद कमर, मनोज कुमार यादव, योगेंद्र सिंह योगी, दिनेश कुमार यादव, महेंद्र दुबे, अवध नारायण प्रसाद, इरफान खान चौधरी, मंटू दास, शहजाद हुसैन, संतोषी देव कुमार, बाबू अंसारी, आकाश सिंह, गंगा वाल्मीकि, दीपक पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## लगभग एक माह से बंद धनबाद- बोकारो मुख्य सड़क चालू कराने की मांग



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भारत सरकार के कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे से मुलाकात कर धनबादझबोकारो मुख्य सड़क को अविलंब मरम्मत कर चालू कराने की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय मंत्री को विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि धनबादझबोकारो मुख्य मार्ग पिछले लगभग एक माह से बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण आम जनता, व्यापारियों, छात्रों, मरीजों तथा दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सड़क धनबाद की जीवन रेखा मानी जाती है और इसके बंद होने से केंदुआ, पुटकी, लोयाबाद, छाताटांड़ सहित आसपास के क्षेत्रों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में धनबाद के कई क्षेत्रों में भू-धंसान एवं गैस रिसाव की घटनाएं सामने आई थीं, जहां सड़क की खुदाई कर बालू भराई के माध्यम से मार्ग को पुनः चालू कराया गया था। लेकिन इस बार केंदुआडीह थाना मोड़ के समीप सड़क को पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विधायक ने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड प्रबंधन द्वारा वैज्ञानिक रिपोर्ट एवं खतरे का हवाला देकर सड़क बंद किए जाने पर कई गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि भूमि आधारित धंसान सर्वेक्षण अथवा दूरसंवेदी तकनीक आधारित सर्वे कराया गया है तो उसकी रिपोर्ट एवं आंकड़े सार्वजनिक किए जाने चाहिए। साथ ही यदि क्षेत्र में वास्तविक खतरा है तो वहां लगातार निगरानी एवं वैज्ञानिक पर्यवेक्षण की व्यवस्था क्यों नहीं दिखाई दे रही है, इसका जवाब भी जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता जानना चाहती है कि क्या पूर्व में अन्य क्षेत्रों में भू-धंसान की घटनाओं के बाद भी सभी मार्गों को इसी प्रकार स्थायी रूप से बंद किया गया था। जनता को राहत पहुंचाने के लिए व्यवहारिक समाधान निकालना सरकार एवं संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। राज सिन्हा ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि पूर्व में अपनाए गए उपायों की तरह सड़क की खुदाई कर बालू भराई एवं आवश्यक मरम्मत कार्य कर मार्ग को पुनः चालू कराया जाए। साथ ही सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग को सौंपने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बंद रहने से केंदुआ, छाताटांड़, पुटकी, लोयाबाद एवं आसपास के हजारों छोटे-बड़े व्यवसायी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं और जनता अब शीघ्र समाधान चाहती है। विधायक ने विश्वास जताया कि केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री इस गंभीर जनसमस्या पर संवेदनशीलता के साथ पहल करेंगे और धनबाद की जनता को जल्द राहत दिलाने का कार्य करेंगे।

**निरीक्षण** उप विकास आयुक्त ने पूर्वी टुंडी में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

# 15 जुलाई तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर हस्तांतरित करने का निर्देश



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने मंगलवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं एवं सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजनाओं की प्रगति, पंचायत स्तर पर संचालित कार्यों तथा जनसुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त लटानी पंचायत सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि समीपवर्ती विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के सहयोग से ज्ञान केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्यों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता के स्थान पर तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने पंचायत सचिवालय परिसर में खाली पड़ी भूमि का उपयोग बागवानी एवं अन्य उपयोगी कार्यों के लिए करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सुद्दढ़ीकरण मद की राशि से पंचायत स्तर के सभी मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने को कहा। गर्मी के मौसम को देखते हुए आम नागरिकों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। भ्रमण के दौरान जब उप विकास आयुक्त पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय पहुंचे तो समय पर उपस्थित नहीं रहने वाले कर्मियों को उन्होंने फटकार लगाई। उन्होंने कार्यालय कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी फाइलों में आवश्यक एवं स्पष्ट टिप्पणी अंकित करें ताकि कार्यों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो। इसके बाद उन्होंने जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मद से निमार्णाधीन तालाबों का निरीक्षण किया तथा संवेदकों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। लुकैया पंचायत स्थित जल शुद्धिकरण संयंत्र का भी उन्होंने निरीक्षण किया, जहां कार्य प्रणाली एवं संचालन व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों को जल्द पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कनीय अभियंता को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से निमार्णाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चेपकिया का निरीक्षण करते हुए 15 जुलाई तक भवन हस्तांतरित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मद से निर्मित प्राथमिक विद्यालय घोसालडीह में शौचालय में विभाजन कर छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बरबाद बरकेटनी में जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मद से निमार्णाधीन ढाई किलोमीटर सड़क का भी जायजा लिया। ग्रामीण कार्य विभाग के कनीय अभियंता को सड़क किनारे आवश्यक भराई कार्य कराने तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## जिला परिषद सदस्यों ने उठाए सवाल, बोर्ड की सहमति से निर्णय लेने की मांग



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**धनबाद।** जिला परिषद कार्यालय में बुधवार को जिला परिषद सदस्य विकास महतो समेत अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जिला परिषद की संपत्तियों और निर्णय प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई। सदस्यों ने कहा कि जिला परिषद से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय बोर्ड की बैठक में सामूहिक सहमति से लिए जाने चाहिए। विकास महतो ने कहा कि हाल ही में जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी के पति सुभाष रवानी द्वारा उपाध्यक्ष आवास में आयोजित प्रेस वार्ता में कई तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारियां दी गईं, जिससे लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला परिषद की ओर से आयोजित शिलान्यास कार्यक्रमों में सदस्यों को न तो आमंत्रित किया गया और न ही इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सुभाष रवानी स्वयं को सांसद प्रतिनिधि बताते हुए सांसद और विधायक से शिलान्यास कार्यक्रम करवा रहे हैं, जबकि जिला परिषद से जुड़े किसी भी कार्य का निर्णय बोर्ड की बैठक में लिया जाना चाहिए। प्रेस वार्ता में कांग्रेस भवन की जमीन का मुद्दा भी उठाया गया। सदस्यों ने कहा कि जिस भूमि पर कांग्रेस भवन बना हुआ है, वह जिला परिषद की संपत्ति है।

## सुभाषितम्

**सज्जन पुरुष बादलों के समान देने के लिए ही कोई वस्तु ग्रहण करते हैं। - कालिदास**

## भारतीय अर्थव्यवस्था का संकट

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार लगातार तेज विकास, बढ़ते बुनियादी ढांचे और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दावा करती रही है। अब इस दावे की पोल खुलती चली जा रही है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने भारत की अर्थव्यवस्था में आने वाले महा संकट का संकेत किया है, उन्होंने सरकार के चमकदार दावों के पीछे छिपी सच्चाई को उजागर किया है। उनका मानना है, भारत की अर्थव्यवस्था दो हिस्सों में बंट चुकी है। एक संगठित क्षेत्र, जो कॉरपोरेट और शेयर बाजार की वृद्धि को अर्थव्यवस्था में दिखाता है, दूसरा असंगठित क्षेत्र, जहां देश की लगभग 94 प्रतिशत कार्यशक्ति काम करती है, जो लगातार संकट में है। उसकी वास्तविकता सरकार उजागर नहीं करती है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार सबसे बड़ा संकट 'मांग मे कमी' आने का है। जब आम लोगों की आय घटती है, रोजगार कम होता है, उस समय सबसे पहले ग्रामीण अर्थव्यवस्था और असंगठित क्षेत्र कमजोर होता है। बाजार में मांग घटती है। इसका सीधा असर उद्योगों के उत्पादन, कारोबार और निवेश पर पड़ता है। यही कारण है कि ऊंची जीडीपी वृद्धि के बावजूद देश मे रोजगार का सृजन नहीं हो रहा। उल्टे नौकरियां जा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत में बढ़ती बेरोजगारी और असमानता को लेकर कई वर्षों से चिंता जताई जा रही है। अर्थशास्त्री नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना महामारी के बाद असंगठित क्षेत्र को जो नुकसान हुआ है उसके बारे में कई बार अपनी चिंता पिछले वर्षों में व्यक्त कर चुके हैं। सरकार ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया। छोटे व्यापारी, कुटीर उद्योग, किसान और दिहाड़ी मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। प्रो. अरुण कुमार का दावा है, सरकारी आंकड़े इस वास्तविक स्थिति को छुपाने का काम करते हैं। आंकड़ों को बदल देते हैं। सही मायने में कहा जाए तो सरकार आंख बंद करके जीडीपी और अर्थव्यवस्था को बेहतर बताकर अपनी पीठ थपथपाने में लगी हुई है। सरकार ने जीडीपी मापन की वर्तमान प्रणाली में असंगठित क्षेत्र की गिरावट को सही ढंग से वास्तविक स्थिति को शामिल नहीं किया है। जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति कागजों में कुछ और है, और वास्तविक स्थिति कुछ और है। वर्तमान स्थिति यह है, शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। बेरोजगारी लगातार बढ़ती चली जा रही हैं। अर्थव्यवस्था में जो बदलाव आए हैं उसके कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर लोगों की नौकरियां जा रही हैं। भारत के लगभग 80 करोड लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं। भारत की अर्थव्यवस्था वास्तव में मजबूत होती, तो रोजगार और लोगों की आय में यह परिवर्तन दिखाई देता। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की जो मांग पहले बढ़ रही थी, अब तेजी के साथ घट रही है। महंगाई और आय नहीं होने से मांग में निरंतर कमी आ रही है। युवाओं में बेरोजगारी और कृषि संकट भारत के तथाकथित विकास मॉडल और अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहे हैं। अरुण कुमार सहित कई अर्थशास्त्रियों ने लगातार चिंता व्यक्त की है। मांग आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया गया, तो भारत 'स्टैगफ्लेशन' जैसी स्थिति में फंस सकता है। इस स्थिति में विकास धीमा होता है, महंगाई लगातार बढ़ती है। जिसके कारण आम आदमी का जीवन दूभर होता है। इस संकट का समाधान बड़े एक्सप्रेस-वे, कॉरिडोर और पूंजी-प्रधान परियोजनाओं से पूरा नहीं हो सकता है। आवश्यकता है, सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, छोटे उद्योग और रोजगार सृजन पर अधिक से अधिक निवेश करे। असंगठित एवं ग्रामीण क्षेत्र की आय बढ़ाने, असंगठित क्षेत्र को ऋण राहत देने तथा श्रम-प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देना इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जब तक आम नागरिकों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी। तब तक आर्थिक विकास केवल कागजी उपलब्धि बनी रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था एक निर्णायक मोड़ पर आकर खड़ी हो गई है। यदि नीति-निर्माताओं और सरकार ने आंकड़ों में हेरा-फेरी करके वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज किया, तो आने वाला संकट और गहरा हो सकता है। अरुण कुमार की चेतावनी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में आर्थिक असंतुलन जिस तेजी के साथ बढ़ रहा है। समय रहते सरकार को समझना होगा। सरकार ने यदि अपनी आर्थिक नीतियों में जल्द ही परिवर्तन नहीं किया तो इसके दुष्परिणाम बहुत भयानक हो सकते हैं। अमेरिका में जो 2008 में मंदी आई थी उससे भी ज्यादा खतरनाक स्थिति भारत की हो सकती है।

# नीट संकट: परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था केवल प्रवेश की प्रक्रिया नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, अवसर और प्रतिभा-परीक्षण का आधार है। जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को लेकर अनियमितता, संदिग्धता या रद्दीकरण की स्थिति बनती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती बल्कि लाखों विद्यार्थियों का भरोसा, समय और मानसिक संतुलन भी टूटता है। परीक्षा किसी तकनीकी आयोजन भर का नाम नहीं है; यह उस भरोसे का प्रतीक है जिसमें राज्य यह सुनिश्चित करता है कि परिश्रम, योग्यता और तैयारी का उचित मूल्य मिलेगा। इसलिए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा-व्यवस्था की रीढ़ होती है।

नीट जैसे मामलों में सबसे चिंताजनक तथ्य केवल यह नहीं कि कोई एक घटना घट गई बल्कि यह है कि ऐसी घटनाएँ बार-बार क्यों सामने आती हैं। जब कोई राष्ट्रीय परीक्षा संदेह के घेरे में आती है, तो पूरा सार्वजनिक विश्वास डगमगाने लगता है। विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, कोचिंग संस्थान और प्रशासन, सभी एक ऐसे प्रश्न से जूझते हैं जिसका उत्तर केवल प्रेस विज्ञप्तियों से नहीं मिल सकता। प्रश्न यह है कि क्या हमारी परीक्षा-व्यवस्था वास्तव में इतनी मजबूत है कि वह पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा–तीनों मोर्चों पर एक साथ टिक सके? यदि नहीं तो समस्या केवल एक परीक्षा की नहीं बल्कि पूरे तंत्र की है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट अचानक पैदा नहीं होता। यह उन छोटी-छोटी कमजोरियों से बनता है जिन्हें समय रहते ठीक नहीं किया जाता। प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रिया, गोपनीय सामग्री का संरक्षण, लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तकनीकी सत्यापन, पहचान-प्रक्रिया और उत्तर-पत्रों की हैंडलिंग–इन सभी स्तरों पर यदि एक भी कड़ी कमजोर हो जाए, तो पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ सकती है। आधुनिक समय में परीक्षा केवल कागज-कलम का आयोजन नहीं रह गयी है; वह सूचना, सुरक्षा और नियंत्रण के अत्यंत जटिल नेटवर्क से जुड़ी प्रणाली बन चुकी है। इसलिए किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही का सीधा प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ता है।

यह भी समझना होगा कि परीक्षा-प्रणाली में भरोसा केवल पारदर्शिता से नहीं बनता बल्कि निरंतरता से बनता है। यदि विद्यार्थी को यह आश्वासन न हो कि उसकी मेहनत का मूल्य स्थिर और सुरक्षित है, तो उसकी तैयारी अनिश्चितता में बदल जाती है। एक ईमानदार छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने से पहले ही मन में कई प्रश्न लेकर आता है- क्या प्रश्नपत्र सुरक्षित रहेगा? क्या कोई अनुचित लाभ नहीं ले जाएगा? क्या पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष होगी? जब ऐसे प्रश्न सामान्य हो जाएँ, तब समझ लेना चाहिए कि संकट केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर की समानता है, और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो व्यवस्था अपने उद्देश्य से भटक जाती है।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षा में यह चिंता और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि यह केवल एक पेशेवर प्रवेश-परीक्षा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सामाजिक-आर्थिक सपनों का केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र, निम्न-मध्यम वर्ग के अभ्यर्थी और छोटे शहरों के युवा सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। लेकिन जब परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न उठते हैं, तब सबसे अधिक नुकसान इन्हीं विद्यार्थियों का होता है। जिनके पास प्रभाव, संसाधन या नेटवर्क है, वे कई बार व्यवस्था की कमजोरियों से निकल जाते हैं; पर जिनके पास केवल मेहनत है, वे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए परीक्षा की पारदर्शिता केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले ही अत्यधिक तनावपूर्ण होती है। छात्र लंबे समय तक कठोर अनुशासन, सीमित सामाजिक जीवन, पारिवारिक अपेक्षाओं और भविष्य की अनिश्चितता के बीच रहते हैं। जब ऐसी स्थिति में परीक्षा का भविष्य ही संदिग्ध हो जाए तो मानसिक दबाव कई गुना बढ़ जाता है। कुछ विद्यार्थी हताश हो जाते हैं, कुछ अपनी रणनीति बार-बार बदलते हैं, और कुछ गहरे अवसाद में भी चले जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को यह समझना चाहिए कि वह केवल तिथियाँ घोषित करने या केंद्र स्थापित करने का काम नहीं कर रहा बल्कि युवाओं के भविष्य का भरोसा संभाल रहा है।

डिजिटल युग ने परीक्षा-प्रशासन को सुविधाएँ भी दी हैं और नई चुनौतियाँ भी। ऑनलाइन पंजीकरण, डिजिटल पहचान, सीसीटीवी निगरानी, एन्क्रिप्टेड डेटा और केंद्रीकृत नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं ने परीक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाया है। लेकिन इसी के साथ तकनीकी जोखिम भी बढ़े हैं। डेटा लीक, सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़, आंतरिक मिलीभगत, साइबर घुसपैठ और गलत सूचना का प्रसार–ये सभी नई चुनौतियाँ बनकर सामने आए हैं। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उसकी सुरक्षा, ऑडिट और जवाबदेही भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। यदि तकनीक ही कमजोर हो जाए, तो पारदर्शिता का दावा खोखला साबित होगा।

परीक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए सबसे पहले जवाबदेही तय करनी होगी। जब कोई परीक्षा विवाद में आती है, तो अक्सर ध्यान केवल घटना पर केंद्रित रहता है। लेकिन असली प्रश्न यह है कि उस घटना की अनुमति किसकी लापरवाही से मिली। परीक्षा-आयोजक संस्था, संबंधित मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियाँ, केंद्र-स्तरीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन- सभी की भूमिका की समीक्षा आवश्यक है। जवाबदेही का अर्थ केवल किसी एक अधिकारी को हटाना नहीं बल्कि पूरे ढाँचे का पुनर्मूल्यांकन करना है। यदि दोषी पकड़े नहीं जाते, प्रक्रिया की कमियाँ सार्वजनिक नहीं होतीं और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तो हर बार वही संकट दोहराया जाएगा।

दूसरी आवश्यकता स्वतंत्र और समयबद्ध ऑडिट की है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर परीक्षा-समापन तक हर चरण का सुरक्षित रिकॉर्ड होना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल जांच संभव हो, इसके लिए ऐसा तंत्र चाहिए जो पारदर्शी भी हो और तेज भी। साथ ही परीक्षा-प्रबंधन में बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जहाँ कोई एक व्यक्ति या विभाग पूरी प्रक्रिया पर एकाधिकार न रखे। नियंत्रण का विकेंद्रीकरण और निगरानी का केंद्रीकरण- यही संतुलन सुरक्षित परीक्षा तंत्र की आधारशिला बन सकता है।

तीसरी आवश्यकता विश्वसनीय संवाद व्यवस्था की है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। ऐसे में संस्थाओं को केवल सही सूचना ही नहीं बल्कि समय पर सूचना भी देनी चाहिए। अस्पष्टता संदेह को जन्म देती है। यदि छात्रों को यह स्पष्ट न हो कि अगला कदम क्या होगा, परिणाम कब आएगा या पुनर्परीक्षा होगी या नहीं, तो वे अनावश्यक तनाव में घिर जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को अपने संवाद को औपचारिकता से निकालकर भरोसेमंद सार्वजनिक सेवा में बदलना होगा।

चौथी और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता कठोर और निश्चित दंड व्यवस्था की है। प्रश्नपत्र लीक, जालसाजी, सेंधमारी या आंतरिक सहयोग जैसी अनियमितताओं पर केवल नैतिक निंदा पर्याप्त नहीं है। जब तक अपराधियों को त्वरित और निश्चित दंड नहीं मिलेगा, तब तक व्यवस्था में सुधार अधूरा रहेगा। शिक्षा-क्षेत्र में दंड का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं बल्कि निवारण होना चाहिए। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि अनियमितता करने वाला यह समझ सके कि उसे लाभ नहीं बल्कि त्वरित क्षति मिलेगी। तभी ईमानदार विद्यार्थी को यह भरोसा मिलेगा कि उसकी मेहनत सुरक्षित है।

भारत को अब ऐसी परीक्षा संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें छात्र को शक नहीं, सुरक्षा का अनुभव हो; जिसमें प्रशासन केवल आदेश देने वाला नहीं बल्कि उत्तरदायी संरक्षक बने; और जिसमें पारदर्शिता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हर प्रक्रिया में दिखाई दे। यही वह मार्ग है जिससे शिक्षा-व्यवस्था पर लौटता विश्वास संभव हो सकता है। यदि सुधार अभी नहीं किए गए, तो हर नई परीक्षा पुराने संदेहों की पुनरावृत्ति बनती रहेगी। और जब भरोसा बार-बार टूटता है, तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि एक पीढ़ी का आत्मविश्वास भी आहत होता है।

इसलिए नीट संकट को केवल एक घटना मानकर भूल जाना समाधान नहीं होगा। इसे एक चेतावनी की तरह समझना होगा। यह चेतावनी है कि यदि परीक्षा-व्यवस्था को तकनीकी चमक, औपचारिक घोषणाओं और तात्कालिक प्रतिक्रियाओं के भरोसे छोड़ दिया गया, तो भविष्य में संकट और गहरे होंगे। अब समय आ गया है कि परीक्षा-व्यवस्था को केवल नियंत्रण का नहीं, बल्कि न्याय, विश्वास और जवाबदेही का संस्थान बनाया जाए। यही सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है और वर्तमान विद्यार्थियों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी भी। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# दूरगामी सोच का परिणाम है प्रधानमंत्री की अपील



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा मामले में संकट में हो बल्कि वास्तविकता यह है कि 10 अप्रैल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भण्डार भारत के पास है। एक अनुमान के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भण्डार से एफसीए यानी कि विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भण्डार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके सबके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाती है तो यही दूरदृष्टि कहलाती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। इसमें सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में उन्होंने देशवासियों से केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदने, विदेशी यात्राओं व विदेशों में शादी नहीं करने, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री के देशवासियों से आग्रह को आलोचक भले मुद्दा बनाने का प्रयास करें पर वैश्विक हालात आज सबके सामने है।

देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों इनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि शामिल है, उसके लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है जिसमें करीब 38 प्रतिशत आयात केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ फर्टिलाइजर के मामले में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रुप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुविधाजनक हो।

वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनॉमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की ओर चला जाता है। ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के सीजफायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो दूसरी ओर दोनों पक्षों की हठधर्मिता के कारण हार्मुज जलडमरुमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने है। दुनिया के देशों को यह समझ लेना होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच सीमित ना होकर इसके असर से आज कोई देश अछूता नहीं है। यह दो देशों की अहम की लड़ाई न होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात हैं।

आज दुनिया के देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज दुनिया एक विश्व ग्राम में परिवर्तित हो गयी है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल संकट का हल निकल भी आता है तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं।

सबको मालूम है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रास्ता अवरुद्ध होने के कारण आज कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात प्रभावित है। हार्मुज का रास्ता अवरुद्ध है। हालात की गंभीरता इसी से समझी जा सकती है कि ईरान को प्रतिदिन 2800 करोड़ रुपए के कच्चे तेल को समुद्र में बहाना पड़ रहा है। तेल उत्पादक अन्य देश भी संकट के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में जीवाश्म ईंधन के उपयोग में कमी लाने, सार्वजनिक परिवहन वाहनों के उपयोग और वाहन पूलिंग का एक साल का सुझाव या आग्रह दूरदृष्टिपूर्ण व देशहित में माना जाना चाहिए। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग का बढ़ावा देना भविष्य के पर्यावरण संकट से बचाव और हरित उर्जा को बढ़ावा देने में ही सहायक हो सकेगा।

हमारे देश में सोने की खरीद के प्रति खास मोह रहा है पर हालात को देखते हुए व्यापक राष्ट्रहित में एक साल के लिए सोना नहीं खरीदें तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। उसी प्रकार केवल शान-ओ-शौकत के लिए विदेशी यात्रा करने से बचने की सलाह और विदेशों में शादी करने के स्थान पर स्थानीय पर्यटन और देश में ही एक से एक बेहतरीन वेडिंग डेस्टिनेशंस पर शादी करने से जहां खर्च कम होगा, देश के डेस्टिनेशनों की वैश्विक पहचान के साथ विदेशी पूंजी भी बचेगी। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से खेती और खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने से आज देश दो चार हो रहा है। जैविक खाद और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने का आग्रह निश्चित रुप से सकारात्मक ही है। जहां तक मीटिंग्स का प्रश्न है, कोविड के बाद से सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर अधिकांश मीटिंग्स अब हाईब्रीड मोड पर ही होने लगी है। वर्क फ्रॉम होम को अवश्य प्रोत्साहित किया जा सकता है।

लब्बोलुआब यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से जो आग्रह किया है उनमें से एक भी ऐसा आग्रह नहीं है जिससे हमारी जीवनचर्या प्रभावित हो रही हो। सीधे-सीधे एक साल के लिए अपनी आदत व आवश्यकताओं में जरुरी बदलाव के लिए कहा जा रहा है ताकि वैश्विक संकट का असर देश की अर्थव्यवस्था व देश के आमलोगों को प्रभावित ना कर सके। एक साल सोना नहीं खरीदने या ईवी वाहन या सार्वजनिक वाहन का उपयोग या विदेशों में शादी आदि कार्यक्रम आयोजित ना करने या विदेश घूमने नहीं जाने से कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। इन सबसे बचने से देश वैश्विक हालातों का अधिक कुशलता से मुकाबला कर सकेगा और सबसे बड़ी बात कि स्वदेशी को बढ़ावा मिलेगा। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नन्हें कंधों पर राष्ट्रभक्ति का विराट संकल्प



कांतिलाल मांडोत

ऑपरेशन सिंदूर में जवानों की सेवा कर 11 वर्षीय श्रवण सिंह बना देशभक्ति, समर्पण और साहस का अद्भुत प्रतीक जब किसी देश की सीमाओं पर सैनिक दिन-रात पहरा दे रहे होते हैं, तब पूरा राष्ट्र उनके साहस और त्याग के भरोसे निश्चिंत होकर जीवन जीता है। लेकिन कभी-कभी इसी देश की मिट्टी से ऐसे अनमोल रत्न जन्म लेते हैं, जो छोटी-सी उम्र में ही राष्ट्रसेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर देते हैं कि पूरा देश गर्व से भर उठता है। पंजाब के फिरोजपुर जिले के 'चक तारा वाली' गांव का 11 वर्षीय श्रवण सिंह ऐसा ही एक अद्भुत बालक है, जिसकी देशभक्ति और समर्पण की भावना ने करोड़ों भारतीयों का हृदय जीत लिया है। जिस उम्र में बच्चे खिलौनों और खेलों में खोए रहते हैं, उस उम्र में श्रवण सिंह भारतीय सेना के जवानों की सेवा में स्वयं को समर्पित कर चुका था। उसका हर कदम राष्ट्रभक्ति की उस पवित्र भावना से प्रेरित था, जो किसी साधारण बच्चे में नहीं, बल्कि किसी असाधारण आत्मा में ही दिखाई देती है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब भारतीय सेना सीमा पर पूरी मुस्तैदी से डटी हुई थी, तब श्रवण सिंह बिना किसी भय और संकोच के जवानों के बीच पहुंचता रहा। सुबह होते ही वह चाय लेकर खेतों और कच्चे रास्तों से गुजरता हुआ सेना के कैंप तक पहुंच जाता। दोपहर की भीषण गर्मी में वह जवानों के लिए बर्फ लेकर जाता ताकि देश की रक्षा में लगे सैनिकों को थोड़ी राहत मिल सके। शाम के समय वह दूध और लस्सी लेकर फिर कैंप में पहुंच जाता। उसके मन में न कोई डर था, न कोई स्वार्थ। उसके भीतर केवल एक ही भावना थी–देश के वीर जवानों की सेवा करना। यह भावना किसी किताब से नहीं आती, यह राष्ट्रप्रेम की वह आग होती है जो आत्मा में जन्म लेती है। श्रवण सिंह जब जवानों के बीच जाता था तो उनके साथ बड़े गर्व से घूमता और उनकी बंदूक हाथ में लेकर कहता, 'मैं भी बड़ा होकर सैनिक बनूंगा।' यह केवल एक मासूम इच्छा नहीं थी, बल्कि उस बालक के हृदय में धधकती देशभक्ति की लौ थी। उसकी आंखों में सेना की वर्दी के प्रति जो सम्मान था, वह बताता है कि भारत की नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना कितनी गहरी है। श्रवण के भीतर देश के लिए कुछ कर गुजरने का जो जज्बा दिखाई देता है, वह वास्तव में करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा है।

भारतीय सेना भी इस नन्हे सिपाही के समर्पण और सेवा भावना से अत्यंत प्रभावित हुई। सेना ने श्रवण को केवल सम्मान ही नहीं दिया, बल्कि उसे अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए 'गोद' ले लिया। यह किसी भी बच्चे के लिए बहुत बड़ा सम्मान है। सेना ने उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी उठाई। जब जवानों को पता चला कि श्रवण डायबिटीज जैसी बीमारी से जूझ रहा है, तब उन्होंने तुरंत उसकी चिकित्सा की व्यवस्था की। उसकी बेहतर पढ़ाई के लिए प्राइवेट स्कूल में दाखिला कराया गया और आगे की शिक्षा के लिए कपूरथला भेजने का निर्णय लिया गया। यह केवल सहायता नहीं, बल्कि उस देशभक्त बालक के प्रति सेना का प्रेम और सम्मान है।

श्रवण सिंह की कहानी यह सिद्ध करती है कि देशभक्ति उम्र की मोहताज नहीं होती। केवल 11 वर्ष की उम्र में उसने जो कार्य किया, वह बड़े-बड़े लोगों के लिए भी प्रेरणा बन गया। वह न किसी पुरस्कार के लिए काम कर रहा था, न किसी प्रसिद्धि के लिए। उसके मन में केवल भारत माता के प्रति प्रेम था। यही कारण है कि उसकी सेवा भावना को पूरे देश ने सलाम किया और उसे प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी श्रवण सिंह की खुलकर प्रशंसा की। बाल पुरस्कार समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने उसके जज्बे को याद करते हुए कहा था कि जिन कपड़ों और चप्पलों में यह बच्चा देश सेवा कर रहा था, उन्हें संभालकर रखा जाए क्योंकि वे इतिहास का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री के ये शब्द केवल तारीफ नहीं थे, बल्कि उस बालक के राष्ट्रप्रेम को दिया गया सर्वोच्च सम्मान थे। देश के प्रधानमंत्री का किसी छोटे बच्चे के समर्पण को इस प्रकार सम्मान देना यह दशार्ता है कि श्रवण का कार्य कितना असाधारण था। श्रवण सिंह को देशभर की अनेक संस्थाओं ने सम्मानित किया। कश्मीर से लेकर इंदौर तक उसे बुलाकर सम्मान दिया गया। उसे पहली बार हवाई जहाज में बैठाकर इंदौर ले जाया गया। यह सब उस बच्चे के लिए किसी सपने जैसा था, लेकिन इन सब उपलब्धियों के बाद भी श्रवण के स्वभाव में कोई बदलाव नहीं आया। वह आज भी उसी सादगी और विनम्रता के साथ अपने गांव में रहता है। यही उसकी सबसे बड़ी विशेषता है।

आईपीएल में पंजाब किंग्स की मालकिन और प्रसिद्ध अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने भी श्रवण को मोहाली आमंत्रित किया। वहां उसने उनके साथ बैठकर क्रिकेट मैच देखा। लेकिन श्रवण के लिए सबसे बड़ा गौरव क्रिकेट मैच देखना नहीं, बल्कि भारतीय सेना के जवानों के बीच रहना था। उसके लिए सैनिकों की वर्दी किसी हीरो से कम नहीं थी। यही कारण है कि वह हर समय सेना के प्रति सम्मान और प्रेम से भरा दिखाई देता है।

श्रवण के परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत साधारण है। उसके पिता सोना सिंह एक छोटे किसान हैं और मां आंगनवाड़ी में काम करती हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इस परिवार ने अपने बेटे में देशभक्ति और संस्कारों की जो भावना जगाई, वह वास्तव में अनुकरणीय है। श्रवण के माता-पिता को भी यह अंदाजा नहीं था कि उनका छोटा-सा बेटा एक दिन पूरे देश के लिए प्रेरणा बन जाएगा। लेकिन सच्चाई यही है कि महानता कभी साधनों से नहीं, बल्कि विचारों और भावनाओं से जन्म लेती है। आज जब समाज में स्वार्थ और व्यक्तिगत लाभ की भावना बढ़ती दिखाई देती है, तब श्रवण सिंह जैसे बच्चे आशा की किरण बनकर सामने आते हैं। वह बताता है कि सच्चा देशप्रेम क्या होता है। देशभक्ति केवल नारों और भाषणों से सिद्ध नहीं होती, बल्कि सेवा, त्याग और समर्पण से प्रकट होती है। श्रवण ने यह साबित कर दिया कि यदि मन में राष्ट्र के प्रति प्रेम हो तो छोटी उम्र भी बड़े कार्य करने से नहीं रोक सकती। श्रवण सिंह वास्तव में भारत माता का वह वीर पुत्र है, जिसकी कहानी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी। उसकी आंखों में सैनिक बनने का सपना केवल उसका व्यक्तिगत सपना नहीं, बल्कि राष्ट्र के गौरव का सपना है। वह करोड़ों बच्चों के लिए उदाहरण है कि देश के प्रति प्रेम और सम्मान बचपन से ही जीवन का सबसे बड़ा संस्कार होना चाहिए। यह नन्हा सिपाही केवल पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव बन चुका है। उसकी देशभक्ति, निस्वार्थ सेवा और समर्पण की भावना हर भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की नई ऊर्जा भरती है। श्रवण सिंह जैसे बच्चे ही भारत के भविष्य की असली ताकत हैं, जिनके कारण यह विश्वास और मजबूत होता है कि भारत की आत्मा आज भी देशभक्ति और बलिदान की भावना से ओतप्रोत है।

**(वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार-स्तम्भकार)**

## आज का राशिफल

**मेष-** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**वृष-** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मिथुन-** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्क-** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानियां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**सिंह-** नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या-** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुला-** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक-** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु-** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर-** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी।

**कुंभ-** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी।

**मीन-** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, गुरुवार 14 मई 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### एनएमएल में नए श्रम कानूनों पर जागरूकता सत्र, अधिकारियों व ठेकेदारों को दी गई विस्तृत जानकारी



**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सम्मेलन कक्ष में बुधवार को नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हजारीबाग आर. के. भुइयां ने किया। सत्र में परियोजना से जुड़े अभियंताओं, कार्यपालक अधिकारियों, ठेकेदारों तथा विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत संवाद किया गया। इस दौरान नए श्रम कानूनों के अनुपालन, श्रमिकों के अधिकार, वेतन भुगतान की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के संधारण तथा नियोक्ताओं और ठेकेदारों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। आर. के. भुइयां ने कहा कि नए श्रम कानूनों का उद्देश्य श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा, पारदर्शिता और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से श्रम संहिताओं का पूरी गंभीरता के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों और शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (इन्फ्रा) पवन कुमार रावत, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बड़कागांव में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन की बैठक, राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी पर बनी रणनीति



**बड़कागांव।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ की आवश्यक बैठक बुधवार को बड़कागांव के पश्चिमी पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के सचिव बालेश्वर कुमार ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर राम ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 18 मई 2026 को हजारीबाग में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार करना था। इस दौरान बड़कागांव प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, डीलरों की समस्याओं तथा सम्मेलन के माध्यम से उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, रामेश्वर राम, चरण राम, प्रकाश राम, संतोष कुमार रवि, विनोद राणा, फुलेश्वर साव, गीता देवी, खुदन राम, सोनू गुप्ता, सुरेंद्र कुमार तुरी, रंजीत भुइयाँ, एतवा तुरी, युगेश्वर रविदास, चिंतामन कुशवाहा, निकोदिल, गंगाधर साव, संजर हुसैन, सहादत हुसैन, राजेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, कुंदन सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नगर निगम बोर्ड बैठक में 85 विकास योजनाओं को मिली मंजूरी, सड़क-नाली निर्माण कार्य होंगे तेज



**हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग की बोर्ड बैठक बुधवार को संपन्न हुई, जिसमें शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 85 नई विकास योजनाओं को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत योजनाओं के तहत विभिन्न वार्डों में पीसीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा शहर के व्यस्त सुंदरी मार्केट के सामने आधुनिक मॉड्यूलर टॉयलेट निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जरूरत वाले स्थानों पर नालियों के ऊपर स्लैब निर्माण कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन स्कूल मैदान की विशेष साफ-सफाई कराने की योजना को भी स्वीकृति दी गई। नगर निगम बोर्ड की बैठक को अगली तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। शेष लंबित योजनाओं और अन्य विकास कार्यों पर आगामी बैठक में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### झील परिसर में युवती से छेड़छाड़ के बाद हाईवोल्टेज हंगामा, लोगों ने आरोपी को दौड़ाकर पकड़ा

**हजारीबाग।** शहर के झील परिसर में मंगलवार शाम उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक युवती के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना सामने आई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार युवती झील किनारे टहल रही थी और कुछ देर के लिए किनारे बैठी हुई थी। इसी दौरान एक युवक वहां पहुंचा और कथित रूप से उसके साथ गलत हरकत करने लगा। युवती ने विरोध करते हुए आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, जिसके बाद दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवती ने आरोपी को थप्पड़ भी मारा, जबकि आरोपी द्वारा भी युवती पर हाथ उठाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद युवक वहां से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचाकर पुलिस के हवाले कर दिया।

मौके पर मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि घटना के समय झील परिसर में न तो पुलिस की गश्ती टीम मौजूद थी और न ही कोई सुरक्षा गार्ड दिखाई दिया। लोगों का कहना है कि संबंधित थाना प्रभारी को फोन किए जाने के बावजूद कॉल रिसीव नहीं किया गया, जिसके बाद लोगों ने खुद आरोपी को पकड़कर सीसीआर पहुंचाया।

#### नशे के कारोबार पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 100 ठिकानों पर रातभर चली छापेमारी

## 32 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार, 77 संदिग्धों को थाने लाकर पूछताछ के बाद छोड़ा गया

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार और सेवन के खिलाफ मंगलवार देर रात विशेष अभियान चलाया गया। जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस निरीक्षकों के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पिछले पांच वर्षों में मादक पदार्थ के मामलों में शामिल आरोपियों तथा नशे के कारोबार और सेवन से जुड़े लोगों को निशाने पर लिया गया।



अभियान के तहत जिलेभर में 43 टीमों का गठन किया गया था, जिसमें 118 पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। गठित टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 100 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 77 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाया। पूछताछ और सत्यापन के बाद सभी को पीआर बॉन्ड पर हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वहीं दो लोगों को 32 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थ के कारोबार, सेवन और खरीद-बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई है कि अपने इलाके में नशे के कारोबार, सेवन, अड्डेबाजी या असामाजिक गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## सांसद की पहल पर सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास और अटल टिंकरिंग लैब की तैयारी



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को पटना में भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार को लेकर चर्चा की। बैठक में सीएसआर फंड के माध्यम से स्मार्ट क्लास, अटल टिंकरिंग लैब और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर सकारात्मक सहमति बनी।

सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी तकनीक आधारित शिक्षा और आधुनिक संसाधनों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट कक्षाएं, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था और नवाचार आधारित प्रयोगशालाएं छात्रों को भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करेंगी।

बैठक में कंप्यूटर आधारित शिक्षण, डिजिटल उपकरण और विद्यालयों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। बैंक अधिकारियों ने शिक्षा क्षेत्र में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## कंचनपुर में मशरूम क्रांति की पहल, प्रशिक्षण पाकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं महिलाएं

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**कटकमसांडी।** ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बुधवार को कंचनपुर पंचायत भवन में दो दिवसीय आयस्टर मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्लान इंडिया की ओर से पंचायत मुखिया पिंकी राणा की अगुवाई में आयोजित इस प्रशिक्षण में पंचायत क्षेत्र की करीब 50 महिलाओं ने भाग लिया और मशरूम उत्पादन से जुड़ी तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी हासिल की।

प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को कम लागत में घर आधारित रोजगार उपलब्ध कराना और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। विशेषज्ञों ने महिलाओं को आयस्टर मशरूम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। प्रशिक्षण में मशरूम उत्पादन के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने, भूसा उपचार, बीज तैयार करने, बैग निर्माण, रखरखाव, रोग नियंत्रण तथा विपणन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



प्रशिक्षकों ने बताया कि आयस्टर मशरूम की खेती कम जगह और कम पूंजी में आसानी से की जा सकती है। बाजार में इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए यह ग्रामीण महिलाओं के लिए बेहतर स्वरोजगार का माध्यम बन रहा है। उन्होंने महिलाओं को समूह बनाकर संगठित तरीके से कार्य करने की सलाह दी, ताकि स्थायी आय का स्रोत विकसित किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम बैग तैयार करने और उसमें बीज डालने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया। साथ ही तापमान और नमी बनाए रखने के उपायों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेते हुए कई सवाल पूछे और मशरूम उत्पादन के जरिए स्वरोजगार की दिशा में रुचि दिखाई।

मुखिया पिंकी राणा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समूह आधारित रोजगार गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

प्लान इंडिया के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम चला रही है, ताकि महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा सके।

## डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा में उपायुक्त सख्त, लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को डीएमएफटी प्रबंधन समिति एवं नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के प्रमुख सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक प्राप्त राशि और उससे संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।



उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध पूर्णता पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होते ही संबंधित विभागों को तत्काल हैंडओवर किया जाए, ताकि उसका उपयोग शीघ्र शुरू हो सके।

बैठक में भूमि उपलब्ध नहीं होने अथवा वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण लंबे समय से लंबित योजनाओं को निरस्त करने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही कार्य प्रारंभ करने और किसी कारणवश काम शुरू नहीं होने पर तत्काल जिला प्रशासन को सूचना देने को कहा गया।

उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से उपलब्ध कराए गए ट्राईसाइकिल को जरूरतमंद दिव्यांगजनों के बीच जल्द वितरित करने का निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिया। वहीं सदर अस्पताल में डीएमएफटी मद से कार्यरत चिकित्सकों, लैब टेक्नीशियन और हेल्थ मैनेजर के कार्यों की समीक्षा करते हुए सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, एसडीओ आदित्य पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### भक्ति और सनातन संस्कृति के रंग में रंगा विष्णुगढ़, भव्य शोभायात्रा में उमड़ी आस्था की भीड़

**विष्णुगढ़। नवादा महावीर नगर स्थित यज्ञ स्थल प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अवसर पर बुधवार को निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की अनुपम छटा से सजी इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ पड़ी। जय श्री राम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।**

**गाजे-बाजे, भक्ति गीतों, ध्वज-पताकाओं और पारंपरिक वेशभूषा के साथ शोभायात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई। यात्रा नवादा महावीर नगर से निकलकर बैंक मोड़, बजरंग नगर, बनासो मोड़ होते हुए माता महामाया बागेश्वरी मंदिर पहुंची और पुनः यज्ञ स्थल पर संपन्न हुई। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सड़कों के दोनों ओर लोग शोभायात्रा के स्वागत के लिए खड़े नजर आए। शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रही थीं।**

## पंचायत समिति बैठक में अधिकारियों की लापरवाही पर भड़की प्रमुख जैबुन निशा, कहा – जनता के सवालों से बचना अब संभव नहीं

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रमुख जैबुन निशा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कई विभागों की लापरवाही और धीमी कार्यशैली पर प्रमुख ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिए।



बैठक में जनहित से जुड़ी योजनाओं की धीमी प्रगति, अधूरे कार्य, विभागीय उदासीनता और ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से योजनाओं की स्थिति और प्रगति रिपोर्ट मांगी गई। कई मामलों में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर प्रमुख जैबुन निशा ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि जनता अब जागरूक हो चुकी है और जवाबदेही तय होना निश्चित है।

उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं तथा सरकारी योजनाओं को सही तरीके से धरातल पर उतारें। लापरवाही और उदासीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए और विभागीय कार्यों में पारदर्शिता दिखनी चाहिए। बैठक के दौरान पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास समेत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कई विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

प्रमुख जैबुन निशा ने कहा कि पंचायत समिति की बैठक केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का मंच है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह, उप प्रमुख सरयू साव, सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार वर्णवाल उर्फ दीपू भाई, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुनेश्वर पटेल समेत कई विभागों के अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

## रेबर में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा, जनप्रतिनिधियों ने लिया हिस्सा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**कटकमसांडी ।** प्रखंड की रेबर पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भक्तिमय माहौल के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से पूरा गांव भक्तिरस में डूबा नजर आया।

महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में कटकमसांडी पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार बीरू, पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव और मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव मौजूद रहे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। मौके पर निर्मल साव, महादेव साव, लखन प्रसाद, रामचंद्र साव, शंभू साव, जगदेव साव, मुरली साव, शिवनारायण साव, मुंशी प्रसाद, दिलीप साहू, बिराज साव, महेश साव, शिवनंदन साव, ज्ञानी साव, राजेंद्र साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों और आयोजन समिति की अहम भूमिका रही।

## 12वीं के बाद संघ लोक सेवा आयोग की तैयारी का बढ़ा क्रेज, चाणक्य आईएएस अकादमी बनी युवाओं की पहली पसंद

### हर घर अफसर मुहिम से युवाओं को नई दिशा, 33 वर्षों में हजारों प्रशासनिक अधिकारी दिए : ए. के. मिश्रा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** देशभर में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा को लेकर युवाओं के बीच आकर्षण तेजी से बढ़ रहा है। अब विद्यार्थी 12वीं के बाद ही सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतियोगिता में बेहतर बढ़त मिल रही है। इसी कारण चाणक्य आईएएस अकादमी युवाओं के बीच पहली पसंद बनती जा रही है। सक्सेस गुरु ए. के. मिश्रा ने कहा कि 12वीं के बाद तैयारी शुरू करने से विद्यार्थियों की बुनियादी समझ मजबूत होती है और वे कम समय में बेहतर परिणाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 12वीं पास होना अंत नहीं, बल्कि सिविल सेवा की यात्रा की शुरूआत है। अनुशासन, निरंतर मेहनत और सही दिशा से एक साधारण छात्र भी आईएएस बन सकता है। उन्होंने बताया कि शुरूआती तैयारी से छात्रों को एनसीईआरटी आधारित मजबूत नींव तैयार करने का अवसर मिलता है। स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ तैयारी करने से समय की बचत होती है और परीक्षा का मानसिक दबाव भी कम रहता है। लंबे समय तक तैयारी करने से उत्तर लेखन क्षमता, समसामयिक घटनाओं और रणनीति पर बेहतर पकड़ बनती है। चाणक्य आईएएस अकादमी विद्यार्थियों के लिए विशेष आधारभूत पाठ्यक्रम संचालित कर रही है। संस्थान में प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार तीनों चरणों की समग्र तैयारी कराई जाती है। अनुभवी शिक्षकों, नियमित परीक्षा श्रृंखला, समसामयिक घटनाओं की अध्ययन सामग्री और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को सफलता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। संस्थान पिछले 33 वर्षों से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्थान के अनुसार अब तक 5300 से अधिक आईएएस एवं आईपीएस अधिकारी तथा 20 हजार से अधिक अन्य प्रशासनिक अधिकारी यहां से मार्गदर्शन प्राप्त कर विभिन्न राज्यों में सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान की महाप्रबंधक रीमा मिश्रा के नेतृत्व में हर घर अफसर मुहिम भी चलाई जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को समान अवसर प्रदान कर प्रशासनिक सेवा में आगे बढ़ाना है। संस्थान का मानना है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासित तैयारी और निरंतर अभ्यास से हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। यही वजह है कि चाणक्य आईएएस अकादमी आज हजारों युवाओं के लिए सफलता की मजबूत सीढ़ी बन चुकी है।

## सीबीएसई 12वीं परिणाम में नेशनल पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, स्मृति कुमारी बनी स्कूल टॉपर

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हजारीबाग।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में नेशनल पब्लिक स्कूल, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की।




कला संकाय की छात्रा स्मृति कुमारी ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। विज्ञान संकाय में रिया कुमारी ने 87.4 प्रतिशत, कृति कश्यप ने 85.4 प्रतिशत, आशीष कुमार ने 85 प्रतिशत, राजवीर मंडल ने 84.2 प्रतिशत, नव्या श्री ने 83.2 प्रतिशत, जानवी कुमारी ने 82.6 प्रतिशत, कौशिक ने 82.2 प्रतिशत तथा प्रगति खंडेलवाल ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में प्रिंस कुमार सिन्हा ने 84.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं कला संकाय में शुभ्रा घोष ने 86.8 प्रतिशत, प्रणवी कृष्णन ने 86.2 प्रतिशत, अमेय कुमार ने 85.2 प्रतिशत, माणिक देवराज ने 85 प्रतिशत तथा रजत रत्नाकर ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### जनगणना-2027 के सफल संचालन हेतु दुमका जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन एवं नियंत्रण कोषांग का गठन किया

**दुमका।** जनगणना-2027 के सुचारू एवं प्रभावी संचालन को लेकर दुमका जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए हेल्पलाइन, जन शिकायत एवं नियंत्रण कोषांग का गठन किया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश पर गठित इस व्यवस्था का उद्देश्य आम नागरिकों को जनगणना से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराना तथा शिकायतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि जनगणना-2027 देश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक एवं विकासात्मक कार्य है, जिसके सफल संचालन में आम जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हेल्पलाइन एवं नियंत्रण कोषांग की स्थापना की गई है, ताकि जनगणना कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर लोग सीधे जिला प्रशासन से संपर्क कर सकें। उन्होंने बताया कि इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी के रूप में ईडीएम दुमका अमरदीप हांसदा को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से हेल्पलाइन नंबर 06434-295042 एवं मोबाइल नंबर +91 95082 50080 जारी किया गया है। प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या शंका होने पर जारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मांगें पूरी नहीं होने पर 20 मई को हड़ताल करेंगे दवा विक्रेता



**साहिबगंज।** जिला साहिबगंज केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक जिला परिषद मार्केट परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने की। बैठक में अंग्रेजी दवा विक्रेताओं को हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। दवा विक्रेताओं ने कहा कि ऑनलाइन दवा बिक्री के कारण उनकी दुकानों की बिक्री लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाई जाए। साथ ही कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट दिए जाने के कारण छोटे दवा व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, इसलिए इस पर भी नियंत्रण लगाया जाना चाहिए। बैठक में नकली दवाओं की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी उठाई गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 15 मई से 19 मई तक सभी दवा विक्रेता काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं होने पर 20 मई को एक दिवसीय हड़ताल की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में कृष्ण भगत, नवल किशोर मंडल एवं रंजीत कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, तीन गिरफ्तार

**देवघर।** जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता मिली है। उपायुक्त के निर्देश एवं अधीक्षक उत्पाद के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कुंडा थाना अंतर्गत बलिया चौकी क्षेत्र में छापेमारी की गई। उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान अवैध महुआ चुलाई शराब की बिक्री करते हुए तीन लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान मौके से कुल 10 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपितों में अंतू दास, मनोज मिर्धा एवं चतुर मुर्मू शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा, ताकि इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### नवपदस्थापित थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह से पत्रकार संगठन की शिष्टाचार मुलाकात

**काठीकुंड।** ऑल इंडिया स्मॉल मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने काठीकुंड प्रखंड के नवपदस्थापित थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संगठन की ओर से थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। मुलाकात के दौरान पत्रकारों एवं थाना प्रभारी के बीच क्षेत्र की कानून व्यवस्था, सामाजिक समन्वय, जनसमस्याओं तथा पत्रकारों की भूमिका को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। पत्रकार क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से प्रशासन तक पहुंचाने के साथ-साथ आम लोगों को सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी देने का कार्य भी करते हैं। ऐसे में प्रशासन और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय रहने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा जनहित के कार्यों को गति देने में सहूलियत होती है। पत्रकार संगठन के सदस्यों ने कहा कि काठीकुंड क्षेत्र सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है। उन्होंने आशा जताई कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आम लोगों को बेहतर पुलिसिंग का लाभ मिलेगा। थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने पत्रकारों का स्वागत करते हुए कहा कि काठीकुंड थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### संत रविदास जयंती के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित

**देवघर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर पुराना सदर अस्पताल परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, समाजसेवियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों ने भाग लेकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना था। शिविर में उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने कहा कि ह्लरक्तदान महादानह्व है और एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी बचाने में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। पदाधिकारियों ने युवाओं से समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह मानवता की सबसे बड़ी

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सांसद-विधायक निधि योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**पाकुड़।** मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सांसद एवं विधायक निधि से संचालित विकास योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लंबित कार्यों तथा उपायुक्त पत्रों से संबंधित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधि कारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से संचालित योजनाएं सीधे आमजन की आवश्यकताओं एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़ी होती हैं। ऐसे में योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जो योजनाएं अब तक अपूर्ण हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण कराया जाए, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। साथ ही योजनाओं की नियमित निगरानी करने एवं कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनसे संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि आगे की प्रशासनिक एवं वित्तीय प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : डालसा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत बुधवार को जिले के महागामा, बसंतराय एवं पोड़ैयाहाट प्रखंड के विभिन्न गांवों और विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं को नालसा की नशीली दवाओं के दुरुपयोग के पीड़ितों को कानूनी सेवाएं एवं नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन योजना-2015 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम में शामिल अधिकार मित्रों एवं एलएडीसी सदस्यों ने समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना है। साथ ही नशे के पीड़ितों की पहचान, उपचार, पुनर्वास तथा उपलब्ध आधारभूत संरचना को मजबूत करना भी इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नवयुवकों, किशोरों एवं बच्चों के बीच नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है।

## पंचायत समिति की बैठक में रक्तदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



झारखंड दर्शन संवाददाता

**मेहरमा।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी खगेन महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार, उप प्रमुख ब्रह्मदेव स्वर्णकार तथा विधायक प्रतिनिधि परवेज अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में डॉ० राजकुमार सील ने रक्तदान के महत्व एवं उससे होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वहीं बीडीओ अभिनव कुमार ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और लोगों को जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्वजनगणना कार्यक्रम 1 मई से 15 मई तक संचालित किया जा रहा है।

अंचलाधिकारी खगेन महतो ने जमीन म्यूटेशन, दाखिल-खारिज एवं ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जमीन से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर लोग सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। बैठक में पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बालेश्वर निराला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों का चयन किया जाना है। जिन पंचायतों में पूर्व में योजना का लाभ दिया जा चुका है, उन्हें छोड़कर शेष पंचायतों में पशुपालकों का चयन किया जाएगा।

## रानीश्वर में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत जांचने निकले प्रखंड विकास पदाधिकारी

# विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, जलमीनार व आवास योजनाओं का किया निरीक्षण

झारखंड दर्शन संवाददाता



**दुमका।** जिले के रानीश्वर प्रखंड में राजेश कुमार सिन्हा ने उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश पर विभिन्न पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं एवं जनहित से जुड़ी सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत धनभाषा पंचायत अंतर्गत सिडलीबीना स्थित मध्य विद्यालय से की गई।

यहां विद्यालय परिसर में नए जलमीनार की स्थापना कार्य की स्थिति का जायजा लिया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने नए शौचालय एवं संपर्क सड़क निर्माण की आवश्यकता से अवगत कराया, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव एवं कनीय अभियंता को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में गांव में लंबे समय से खराब पड़े जलमीनार का निरीक्षण किया गया। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या की जानकारी दी, जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव को अविलंब मरम्मत कार्य कराकर ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद आसनबनी पंचायत अंतर्गत मुखिया टोला में अबुआ आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों से सीधे बातचीत कर निर्माण कार्य एवं किस्त भुगतान की जानकारी ली। पंचायत स्वयंसेवकों ने बताया कि कई लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, लेकिन अगली किस्त की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ऐसे मामलों में भौगोलिक चिन्हांकन एवं सत्यापन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर अगली किस्त उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी पात्र लाभुक को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत लाभुक कारियो हांसदा के बिरसा सिंचाई कूप का भी जायजा लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना स्थल पर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया, ताकि योजना से संबंधित जानकारी आम लोगों को उपलब्ध हो सके। इसके उपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसनबनी का निरीक्षण किया गया, जहां दो मरीज भर्ती पाए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण एवं मरीजों की देखभाल की जानकारी ली तथा स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित रखने का निर्देश दिया। मध्य विद्यालय आसनबनी में मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत तैयार भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की गई। वहीं विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र आसनबनी-1 का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने एवं गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयंसेवक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सेवा, समर्पण और संवेदना का संगम बना अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह

# मरीजों को मिली विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** देवघर स्थित श्री श्यामा हॉस्पिटल एंड इमरजेंसी केयर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सेवा, सम्मान और मानवता का अनूठा आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर पूरे दिन उत्साह, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना से सराबोर रहा। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा नर्सों के समर्पण, त्याग और अथक सेवा को सम्मानित करते हुए मरीजों के लिए कई विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं की घोषणा की गई। मरीजों को बेहद किफायती दरों पर इलाज, जांच एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिसका लाभ बड़ी संख्या में गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों ने उठाया। अस्पताल परिसर में हमारी नर्सें, हमारा भविष्यह्व जैसे प्रेरणादायक संदेश लगाए गए थे, जो नर्सों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण को दर्शा रहे थे। नर्सिंग कर्मियों ने भी मरीजों की बेहतर देखभाल और सेवा का संकल्प दोहराया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि नर्स केवल स्वास्थ्यकर्मी नहीं, बल्कि मरीजों के लिए उम्मीद, भरोसे और हौसले की सबसे मजबूत कड़ी होती हैं। मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहने वाली नर्सों का योगदान अतुलनीय है और समाज को उनके सम्मान एवं अधिकारों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। देवघर में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तेजी से पहचान बना रहा यह अस्पताल अनुभवी चिकित्सकों, अत्याधुनिक चिकित्सा व्यवस्था, चौबीसों घंटे आपातकालीन सेवा, प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मियों और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार के कारण लोगों का भरोसा जीत रहा है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक दायित्व का जीवंत उदाहरण बनकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# सरकारी जमीन हथियाने वालों की खैर नहीं, उपायुक्त ने जनता दरबार में दिए सख्त निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** विशाल सागर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं प्रशासन को लोगों तक सुगम बनाना था। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने जमीन विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क, आवास योजना, बिजली, स्वास्थ्य सुविधा तथा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की जमीन संबंधी समस्याओं का त्वरित निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है।

उपायुक्त ने एक-एक फरियादी की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान तत्काल समाधान के तहत सारवां प्रखंड के दो बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन योजना का लाभ भी प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें तथा लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करें।

# बिलासी बाईपास रोड पर भीषण सड़क हादसा, एक व्यक्ति की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

झारखंड दर्शन संवाददाता



**देवघर।** शहर के बिलासी बाईपास रोड स्थित हीरो शोरूम के समीप शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग टोटो पर सवार होकर एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर रिखिया थाना क्षेत्र के बारा गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बिलासी बाईपास रोड पर सड़क किनारे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर खड़ा था। पीछे से आ रहे टोटो चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और टोटो सीधे कंटेनर में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में दासो मंडल (लगभग 55 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे और एक बुजुर्ग भी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने सभी घायलों को टोटो और अन्य वाहनों की मदद से इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों की टीम द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टोटो और कंटेनर को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि दुर्घटना चालक की लापरवाही से हुई या सड़क पर खड़े वाहन के कारण हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने बिलासी बाईपास रोड पर लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त की। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे भारी वाहनों के अवैध तरीके से खड़े रहने तथा तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई करने तथा नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

## बिजली, पानी और बालू संकट को लेकर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**साहिबगंज।** राज्य में लगातार गहराते बिजली, पानी और बालू संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को जिला अध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकताओं ने शहर के विभिन्न मार्गों पर रैली निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। कार्यकर्ता सिर पर पानी का मटका तथा हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर जनहित के मुद्दों की अनदेखी, भ्रष्टाचार तथा कुशासन का आरोप लगाया। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिले सहित पूरे राज्य में बिजली और पानी की अनियमित आपूर्ति से आम जनता त्रस्त है।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिहरगंज में नकली शराब कारोबार का आरोप, राजस्व को लाखों का नुकसान

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में देसी और विदेशी शराब दुकानों के संचालकों पर नकली शराब बेचने तथा सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनुज्ञप्तिधारी नियमों की अनदेखी कर बिना बोर्ड और मूल्य सूची लगाए शराब की बिक्री कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि नकली शराब कारोबारियों की पहुंच विभागीय अधिकारियों तक होने के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। बिना बोर्ड लगाए दुकानों का संचालन, निर्धारित दर से अधिक वसूली और नकली शराब की बिक्री से सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता उजागर हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि नकली और जहरीली शराब के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूर्व में जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों ने उत्पाद विभाग और जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### हत्या के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने किया मामले का खुलासा



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदुआ टोला बहेराटांड़ निवासी शिबू राम हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि अपराधी कितना भी चतुर क्यों न हो, वह कानून और प्रशासन की नजरों से बच नहीं सकता। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 मई सोमवार को शिबू राम का कुछ लोगों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि कुछ लोगों ने शिबू राम की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल शिबू राम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मनिका में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम ने तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर त्वरित जांच शुरू की और 24 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मनिका थाना कांड संख्या 43/26 दिनांक 12 मई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 126(2), 127(2), 115(2), 118(2), 109, 103(1) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दरोगा राम (22 वर्ष), छोटू राम (21 वर्ष), अखिलेश राम (25 वर्ष) एवं सुगनी राम (50 वर्ष) शामिल हैं। सभी आरोपी बंदुआ टोला बहेराटांड़, थाना मनिका, जिला लातेहार के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

### सत्यापन के नाम पर सेविकाओं की खुली लूट, गरीबों से हो रही अवैध वसूली

**सतबरवा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना एवं वृद्धा पेंशन योजना के सत्यापन कार्य में भारी अनियमितता और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। पलामू जिले के विभिन्न पंचायतों से शिकायत मिल रही है कि कुछ आंगनबाड़ी सेविकाएं लाभुकों से सत्यापन के नाम पर 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की मांग कर रही हैं। गरीब महिलाएं और बुजुर्ग अपनी पेंशन तथा सम्मान राशि बंद हो जाने के डर से मजबूरी में पैसे देने को विवश हैं। झाबर पंचायत के मुखिया पति राधिका रमन सिंह ने बताया कि सदर प्रखंड के झाबर पंचायत, सरजा पंचायत के नुनियां टोला तथा सतबरवा प्रखंड के बोहिता पंचायत के ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सत्यापन के नाम पर खुलेआम पैसे की मांग की जा रही है और पैसा नहीं देने पर लाभुकों का नाम पोर्टल से हटाने या फॉर्म रद्द करने की धमकी दी जा रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा पलामू उपायुक्त से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने पंचायत स्तर पर जांच टीम गठित कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बुजुर्ग इस मुद्दे को लेकर आक्रोशित नजर आए।

### 40 वर्षों का इंतजार समाप्त, बरवाडीह-मंडल सड़क निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोगों का चार दशक पुराना सपना आखिरकार साकार होने जा रहा है। बहुप्रतीक्षित बरवाडीह-मंडल मुख्य सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य का बुधवार को विधिवत शिलान्यास किया गया। मनिका विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परियोजना का शुभारंभ किया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने की उम्मीद जगी है। पथ निर्माण विभाग की ओर से लगभग 115 करोड़ रुपये की लागत से 25 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण एवं सात मीटर चौड़ी कालीकरण सड़क बनाई जाएगी। वर्षों से जर्जर स्थिति में पड़ी इस सड़क के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में सड़क पर चलना और भी मुश्किल हो जाता था, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार तथा दैनिक जीवन प्रभावित होता था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि इस सड़क निर्माण के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा।

# जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, उपायुक्त ने सुनी समस्याएं

### घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए भेजा एमएमसीएच




**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन मापी, भू-अर्जन मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि, राशन वितरण, लंबित म्यूटेशन, ऑनलाइन रसीद, पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेयजल, शिक्षा और कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनता दरबार के दौरान उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी बबलू गौड़ ने बताया कि क्रशर दुर्घटना में उनका पैर कट गया है और आर्थिक तंगी के कारण उनका इलाज नहीं हो पा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच भेजवाया तथा अस्पताल अधीक्षक को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बच्चों को जरूर पढ़ाएं, शिक्षा सबसे बड़ा धन : डालसा की जागरूकता मुहिम



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री राम शर्मा तथा सचिव राकेश रंजन के निर्देश पर चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरजा और पोलपोल पंचायत के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। वहीं स्कूली बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। पीएलवी सदस्यों ने ग्रामीणों को बाल विवाह और बाल मजदूरी के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना कानूनन अपराध है। लोगों से अपील की गई कि चाहे एक समय भूखे रहना पड़े, लेकिन बच्चों की पढ़ाई कभी नहीं रुकनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा सबसे अनमोल धन है। अभियान के दौरान डायन प्रथा, मानव तस्करी, झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर पीएलवी कविता कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा और सुषमा कुमारी उपस्थित थीं।

## दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में आत्मनिर्भर झारखंड की ओर बढ़ते कदम



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में ग्रामीण विकास की दिशा में दीदी बाड़ी योजना और बिरसा हरित ग्राम योजना नई उम्मीद और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर उभरी हैं। इन योजनाओं ने गांवों में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, पोषण सुरक्षा और स्थायी रोजगार के नए रास्ते खोले हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में इन योजनाओं को जनआंदोलन का स्वरूप मिला है। गांवों की महिलाएं अब केवल घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सब्जी उत्पादन, पोषण बाड़ी और कृषि आधारित गतिविधियों के माध्यम से परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दीदी बाड़ी योजना के तहत ग्रामीण महिलाएं अपने घर के आसपास उपलब्ध भूमि पर सब्जियों का उत्पादन कर रही हैं। इससे परिवारों को पौष्टिक भोजन मिलने के साथ अतिरिक्त उत्पादन बाजार में बेचकर आय का स्रोत भी तैयार हुआ है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने महिलाओं को योजनाओं से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई है। यही कारण है कि यह योजना आज महिलाओं के आर्थिक अधिकार और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक बन चुकी है। वहीं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गांवों में फलदार पौधों का बड़े पैमाने पर रोपण किया जा रहा है। आम, अमरूद, कटहल और नींबू जैसे पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक बन रहे हैं, बल्कि ग्रामीण परिवारों के लिए भविष्य में स्थायी आय का स्रोत भी तैयार कर रहे हैं। इससे गांवों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं और पलायन में कमी आने की उम्मीद जगी है। जलवायु परिवर्तन के दौर में हरियाली आधारित आजीविका मॉडल झारखंड की दूरदर्शी सोच को दशार्ता है। इन योजनाओं ने ग्रामीण विकास की पारंपरिक अवधारणा को बदल दिया है। अब विकास केवल सड़क और भवन निर्माण तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि आय, पोषण, रोजगार और सम्मान से भी जुड़ गया है। गांवों में महिलाएं बाजार से जुड़ रही हैं, किसान बागवानी की ओर आकर्षित हो रहे हैं और युवा खेती को नए अवसर के रूप में देख रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की सक्रियता और जनहितकारी सोच के कारण ये योजनाएं गांवों में नई चेतना पैदा कर रही हैं। यदि इन योजनाओं का दायरा और बढ़ाया जाए तथा ग्रामीण उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो झारखंड आने वाले वर्षों में ग्रामीण विकास और हरित अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय मॉडल बन सकता है।

## लोकसभा चुनाव में मंगलसूत्र की बात करने वाली सरकार आज महिलाओं को दे रही त्याग का उपदेश : चंदन प्रकाश सिन्हा



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह पलामू जिला प्रवक्ता चंदन प्रकाश सिन्हा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि जो लोग लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष पर सुहागिनों से मंगलसूत्र छीनने का आरोप लगा रहे थे, आज वही लोग महिलाओं को मंगलसूत्र नहीं खरीदने और त्याग करने का उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में शादी-विवाह के अवसर पर बेटियों को सोने के गहने देने की परंपरा रही है और मंगलसूत्र को सुहाग की निशानी माना जाता है, लेकिन केंद्र सरकार अब महिलाओं को सोना खरीदने से रोकने की सलाह दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार देश को विश्वगुरु बनाने का दावा कर रही थी, उसकी आर्थिक विफलता अब खुलकर सामने आने लगी है। चंदन प्रकाश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चुनाव खत्म होते ही अब जनता पर बोझ डालने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों को पेट्रोल बचाने, सोना नहीं खरीदने, विदेश यात्राएं कम करने, विदेशी सामान छोड़ने और घर से काम करने की सलाह देना इस बात का संकेत है कि देश की आर्थिक स्थिति गंभीर दौर से गुजर रही है।

उन्होंने कहा कि यदि हालात इतने खराब थे तो सरकार ने चुनाव से पहले जनता को सच्चाई क्यों नहीं बताई। उस समय पांच राज्यों के चुनाव थे, इसलिए सरकार ने वास्तविक स्थिति छिपाए रखी और अब चुनाव खत्म होने के बाद जनता को कम खर्च करने और त्याग करने का ज्ञान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति भी पूरी तरह विफल साबित हो रही है। जिन देशों को कभी भारत का सबसे भरोसेमंद मित्र बताया जाता था, वही देश अब भारत से दूरी बनाते दिखाई दे रहे हैं। सरकार अमेरिका के दबाव में काम कर रही है और उसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था तथा आम जनता की जिंदगी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वगुरु, न्यू इंडिया और पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था जैसे बड़े-बड़े सपने दिखाए गए, लेकिन आज महंगाई लगातार बढ़ रही है, बेरोजगारी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है और रुपये की कीमत कमजोर हो रही है। पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स लगाकर जनता की कमर तोड़ दी गई है। तेल की कीमतों को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा तेल कंपनियों को प्रतिदिन एक हजार करोड़ रुपये घाटा होने की बात कही जा रही है, जो भविष्य में तेल की कीमतों में वृद्धि का संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देशभक्ति और भावनात्मक मुद्दों की आड़ में लोगों को मानसिक रूप से तैयार कर रही है ताकि पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने पर जनता विरोध न करे।

## भूटान में संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भूटान में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के चार बाल कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, जिले और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी चुस्ती, फुर्ती, अनुशासन और दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न देशों के प्रतिभागियों को कड़ी टक्कर दी तथा तीन स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में शुभम कुमार सिंह, गौरव कुमार सिंह एवं युवराज कोरवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि शिव दयाल सिंह ने रजत पदक जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विजेता खिलाड़ियों को निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन इंटरनेशनल के ग्रैंड मास्टर डॉ. विकास सांधु एवं बॉलीवुड फाइट मास्टर नीलकंठ साहू ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 एवं 10 मई को भूटान के फुंटशोलिंग स्थित स्पोर्ट्स हॉल में निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन इंटरनेशनल तथा इंटरनेशनल पुशामाकू शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### पलामू जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास

# 5 करोड़ 75 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक सुविधाओं से युक्त अधिवक्ता भवन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित भवन निर्माण कार्य के लिए बुधवार को भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर न्यायपालिका, प्रशासन एवं अधिवक्ता समुदाय के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर अधिवक्ताओं एवं आमजन में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव एवं महासचिव अजय कुमार पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने शिलान्यास पट्ट का अनावरण किया। अतिथियों का स्वागत अधिवक्ता संघ की ओर से गुलदस्ता भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने की, जबकि संचालन दिवाकर दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कहा कि एक सुसज्जित एवं व्यवस्थित बार भवन अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण होने से अधिवक्ताओं को कार्य करने में काफी सुविधा मिलेगी तथा न्यायिक कार्यों के संचालन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पलामू में लंबे समय से एक आधुनिक बार भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में खपरैल और टीन की छत के नीचे बैठकर कार्य करना अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत कठिन होता है। नए भवन के निर्माण से अधिवक्ताओं को बेहतर वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि भवन में कॉन्फ्रेंस हॉल, अधिवक्ताओं के चेंबर, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं प्रसाधन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि पलामू आने के बाद उन्हें इस महत्वपूर्ण कार्य का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से अधिवक्ताओं सहित आम लोगों को भी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में भी कार्य करने की आवश्यकता है ताकि आम लोगों को शीघ्र एवं सहज न्याय मिल सके।

### प्रतिक्रिया › देश को आपातकाल जैसी स्थिति की ओर धकेल रही केंद्र सरकार, भाजपा करे आत्ममंथन

# विदेश यात्रा और रोड शो कब बंद करेंगे प्रधानमंत्री : बिट्टू पाठक



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के राज्य सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोलियम पदार्थों के संयमित उपयोग की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियां देश को बड़े आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट की ओर ले जा रही हैं तथा केंद्र सरकार को इस पर गंभीर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। बिट्टू पाठक ने कहा कि आजादी के बाद भारत ने कई कठिन परिस्थितियों और संकटों का सामना किया है। हर बार देश की जनता ने एकजुट होकर राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन वर्तमान समय में जिस प्रकार की अपीलें और संकेत सामने आ रहे हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार देश को किसी बड़े संकट अथवा आपातकाल जैसी स्थिति की ओर ले जाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के बीच भय और असमंजस की स्थिति उत्पन्न करने के बजाय स्पष्ट नीति और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हुए कहा कि यदि देश आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय तनाव के दौर से गुजर रहा है तो प्रधानमंत्री को कम-से-कम एक वर्ष तक अपनी विदेश यात्राएं स्थगित करनी चाहिए। साथ ही भारतीय जनता पार्टी को भी अपने राजनीतिक रोड शो, विशाल रैलियों और प्रचार अभियानों पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित सर्वोपरि होना चाहिए और ऐसे समय में फिजूलखर्ची से बचना आवश्यक है। बिट्टू पाठक ने सवाल उठाया कि अब तक प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से देश को क्या प्रत्यक्ष लाभ मिला, इसकी स्पष्ट जानकारी आम जनता को नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लगातार देश में बढ़ती आर्थिक चुनौतियों, महंगाई, बेरोजगारी तथा अंतरराष्ट्रीय तनावों को लेकर सरकार को आगाह करता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार चुनावी राजनीति और प्रचार-प्रसार में अधिक व्यस्त रही। उन्होंने विशेष रूप से ईरान-अमेरिका विवाद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था, पेट्रोलियम आपूर्ति और आम जनता की जिंदगी पर पड़ सकता है। ऐसे में सरकार को दूरदर्शी नीति अपनाने की जरूरत है। सोने के उपयोग को लेकर दिए गए सुझावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह जैसे पारिवारिक आयोजनों में बेटियों को सोना देना भारतीय परंपरा और सम्मान से जुड़ा विषय है। यदि सरकार ऐसे मामलों में लोगों को सलाह देने लगेगी तो इसका व्यापक सामाजिक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 50 लाख कारीगर स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े हुए हैं और इस क्षेत्र से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। यदि इस व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है तो लाखों परिवार आर्थिक संकट में आ जाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से आम जनता की भावनाओं और रोजगार से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से लेने की मांग की।

## किसानों की लाइफलाइन मलय डैम बदहाल, प्रशासनिक लापरवाही से खेतों की सिंचाई ठप

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू जिले के किसानों के सामने एक बार फिर सिंचाई का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सतबरवा प्रखंड अंतर्गत स्थित मलय डैम की चैन संख्या-18 पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है, जिसके कारण डैम का बहुमूल्य पानी खेतों तक पहुंचने के बजाय व्यर्थ बह रहा है। बुआई का मौसम नजदीक आने के बावजूद अब तक नहर की मरम्मत नहीं कराए जाने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की मरम्मत नहीं हुई तो हजारों एकड़ भूमि की खेती प्रभावित हो जाएगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पोंची निवासी आशीष कुमार सिन्हा ने पलामू उपायुक्त को लिखित आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में डैम के मुख्य हिस्से के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसकी मरम्मत तो कर दी गई थी, लेकिन छोटी नहर को अधूरा छोड़ दिया गया। वर्तमान स्थिति यह है कि नहर से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है और खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे किसानों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है। आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि मलय डैम इस क्षेत्र के किसानों की जीवनरेखा है और इससे हजारों किसानों की खेती निर्भर करती है। यदि समय रहते नहर की मरम्मत नहीं हुई तो धान की बुआई प्रभावित होगी, जिसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ेगा।

# थाईलैंड ओपन : पीवी सिंधु और श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, आयुष शेट्टी बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग चिउ-तोंग को एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। सिंधु 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में हैं।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप फाइनल का रीमैच था। श्रीकांत, जिन्होंने 2013 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था, अब अगले दौर में चीनी ताइपे के सु ली यांग से भिड़ेंगे। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पहले गेम गंवाने के बाद आयुष ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे गेम में जापानी खिलाड़ी पूरी तरह हावी रहे और उन्होंने 21-13, 17-21, 21-4 से जीत दर्ज की। महिला एकल में युवा भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर हो गईं। उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर शानदार शुरूआत की, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 11-21, 21-17, 21-16 से मुकाबला जीत लिया। फरीदाबाद की 19 वर्षीय अनमोल खरब ने मौजूदा चैंपियन चीन की चेन यू फेई को कड़ी टक्कर दी। निर्णायक गेम में अनमोल एक समय 11-2 से आगे थीं, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 19-21, 21-13, 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया। दिन में बाद में लक्ष्य सेन, तन्वी शर्मा, देविका सिहाग, मालविका बंसोड़ और ईशारानी बरुआ भी अपने एकल मुकाबले खेलेंगी, जबकि मिश्रित युगल में भारत की तीन जोड़ियां एक्शन में नजर आएंगी।

## महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

# सोफी फिट, डार्सी ब्राउन टीम से बाहर

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी मालिनक्स फिट होकर टूर्नामेंट में वापसी करेंगी, जबकि तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह 19 वर्षीय बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को मौका मिला है। वहीं ग्रेस हैरिस की भी टीम में वापसी हुई है।

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने टीम में दो लेग स्पिनर अलाना किंग और जॉर्जिया वेयरहैम को शामिल किया है। इनके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मालिनक्स और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर भी टीम का हिस्सा हैं।

राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेग्लर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि जरूरत पड़ने पर चारों स्पिनर एक साथ प्लेइंग इलेवन में खेल सकती हैं, लेकिन अलाना किंग फिलहाल स्पिन मददगार परिस्थितियों के लिए चौथे विकल्प के रूप में देखी जा रही हैं।

उन्होंने कहा, सोफी हमारी कप्तान हैं और वह निश्चित रूप से खेलेंगी। महिला क्रिकेट में बाएं हाथ की स्पिन बेहद अहम मानी जाती है। जॉर्जिया लंबे समय से प्रमुख लेग स्पिनर रही हैं और अलाना ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन फिलहाल हमारी प्राथमिकता



एश, सोफी और जॉर्जिया हैं। परिस्थितियां अनुकूल होने पर अलाना को मौका मिलेगा।

डार्सी ब्राउन का बाहर होना काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। उन्होंने 2023 महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 18 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था।

हालांकि हाल के समय में उनका प्रदर्शन फीका रहा। 2024 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने सिर्फ तीन मैच खेले और इस साल भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ चार टी20 मुकाबलों में वह कोई विकेट नहीं ले सकीं।

## संक्षिप्त खबरें

### पीतांबरा पीठ पहुंचे गौतम गंभीर, मां बगलामुखी की विशेष पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**दतिया।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश के दतिया पहुंचे। उन्होंने यहां विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीतांबरा धाम में मां बगलामुखी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में धूमावती माई की आरती में हिस्सा लिया और देश व भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। गौतम गंभीर की श्री पीतांबरा पीठ में गहरी आस्था है। वह इससे पहले भी कई बार दतिया आ चुके हैं। उन्होंने टी-20 विश्व कप के दौरान भी मां पीतांबरा देवी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया था। गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम की बड़ी प्रतियोगिताओं से पहले यहां आते रहे हैं, इसीलिए उनका यह दौरा भी चर्चा का विषय बन गया है। जैसे ही उनके मंदिर पहुंचने की खबर फैली, बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्रिकेट फैंस मंदिर परिसर में पहुंच गए। हर कोई अपने पसंदीदा क्रिकेटर और भारतीय टीम के मुख्य कोच की एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आया। गंभीर जैसे ही पीतांबरा पीठ पहुंचे, परिसर के आसपास श्रद्धालुओं और क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ जुटने लगी।

### आईपीएल 2026 : गुजरात टाइटंस की लगातार पांचवीं जीत, हैदराबाद को 82 रन से हराया

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को 82 रन से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। इस जीत के साथ गुजरात के 16 अंक हो गए हैं। टॉस जीतकर हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि गुजरात की शुरूआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। कप्तान शुभमन गिल और स्टार बल्लेबाज जोस बटलर पावरप्ले के भीतर ही पवेलियन लौट गए। शुरुआती छह ओवर में टीम केवल 34 रन ही बना सकी। कठिन परिस्थितियों में साई सुदर्शन ने एक छोर संभाले रखा और संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला।

### पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले अकेले अभ्यास करते दिखे पांड्या

**मुंबई।** मुम्बई इंडियंस टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। टीम को अब गुरुवार को बचे हुए लीग मैच में पंजाब किंग्स से खेलना है। मुम्बई की टीम इस मैच में जीत के साथ ही अपना खोया मनोबल हासिल करने का प्रयास करेगी। टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन भी इस सत्र में अच्छा नहीं रहा और वह आलोचकों के निशाने पर हैं। पांड्या फिट नहीं होने के कारण पिछले दो मैचों से बाहर थे। अब उनका लक्ष्य गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इसी को देखते हुए पांड्या अकेले ही नेट्स में अभ्यास करते दिखे। इससे साफ है कि वह पंजाब के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे।

# एफआईएच नेशंस कप: ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह दौरा 21 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित होगा, जबकि नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय टीम पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे।



पहले दो मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होंगे, जबकि आखिरी दो मैच सुबह 11 बजे खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड रवाना होगी, जहां नेशंस कप से पहले अभ्यास मुकाबलों के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम इससे पहले इस साल अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ने चार मैचों की सीरीज में दो जीत दर्ज कर मजबूत खेल का प्रदर्शन किया था। दौरे से लौटने के बाद से खिलाड़ी साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लगातार अभ्यास कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी कमजोरियों पर काम कर रही हैं। इस दौरे के दौरान टीम की ड्रैग-फ्लिकर खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन आनंदना के सहयोग से नीदरलैंड के दिग्गज ताएके ताएकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में खिलाड़ियों को विशेष ड्रैग-फ्लिक प्रशिक्षण देंगे।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने ने इस दौरे को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा, ह्हॉकी इंडिया का धन्यवाद, जिसकी वजह से यह दौरा संभव हो पाया। इन मुकाबलों से हमें अपने खेल की कमियों और सुधार दोनों को समझने का मौका मिलेगा। अर्जेंटीना दौरे में हमने देखा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का मानक क्या है। अब हम यह परख पाएंगे कि हम उस स्तर के कितने करीब पहुंचे हैं।

उन्होंने आगे कहा, न्यूजीलैंड पहुंचने से पहले यह दौरा खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुसार ढलने में मदद करेगा।

लंबी यात्रा को हिस्सों में बांटने से खिलाड़ियों को जल्दी अनुकूल माहौल मिलेगा। न्यूजीलैंड का मौसम ठंडा रहता है और पर्थ की परिस्थितियां उससे काफी मिलती-जुलती हैं।

# पैट कमिंस पर लगा 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 56वां मैच था, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया।

आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण यह कार्रवाई की गई। चूंकि इस सीजन में यह सनराइजर्स हैदराबाद का पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान पैट कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।



मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को गुजरात टाइटंस के हाथों 82 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई।

गुजरात की शुरुआत खराब रही थी। कप्तान शुभमन गिल 5 रन और जोस बटलर 7 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए थे।

## आईपीएल 2026 :ऑरेंज कैप की रेस में साई सुदर्शन दूसरे स्थान पर

# पर्पल कैप में रबाडा ने की भुवनेश्वर की बराबरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर जीत के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस और भी रोमांचक हो गई है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

### ऑरेंज कैप की रेस में साई सुदर्शन की जोरदार छलांग

गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन की शानदार पारी खेलकर ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा उछाल मारा। यह उनकी लगातार तीसरी फिफ्टी और पिछले पांच मैचों में चौथी अर्धशतकीय पारी रही।

साई सुदर्शन कुछ समय के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे, लेकिन बाद में एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। क्लासेन ने मैच में सिर्फ 14 रन बनाए, लेकिन




उनके कुल रन 508 हो गए, जिससे वह अब भी ऑरेंज कैप अपने पास बनाए हुए हैं। वहीं साई सुदर्शन 501 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इस सीजन अब तक केवल क्लासेन और साई सुदर्शन ही 500 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं।

ऑरेंज कैप सूची में तीसरे स्थान पर एसआरएच के अभिषेक शर्मा हैं, जिनके 481 रन हैं। हालांकि जीटी के खिलाफ वह सिर्फ 6 रन ही बना सके। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 467 रन के साथ पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।

### पर्पल कैप में रबाडा ने भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की

दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 3 विकेट झटके और पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली।रबाडा ने पावरप्ले में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और आर स्मरण के विकेट लेकर एसआरएच की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनके नाम अब 21 विकेट हो गए हैं, जो भुवनेश्वर कुमार के बराबर हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट (7.46) की वजह से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार अब भी पर्पल कैप अपने पास बनाए हुए हैं, जबकि रबाडा का इकॉनमी रेट 9.15 है।

## व्यापार

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर घरेलू शेयर बाजार पर पड़ा है। हालांकि, सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। फिलहाल, बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में तेजी दिख रही है।



बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 137.64 अंक यानी 0.18 फीसदी की उछाल के साथ 74,696.88 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 66.25 अंक यानी 0.28 फीसदी की तेजी के साथ 23,445.80 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पावर ग्रिड, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। हालांकि, एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में तेजी दर्ज की गई।इसी तरह एशियाई शेयर बाजारों दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव करीब 106.6 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि घरेलू शेयर बाजार में कल लगातार चाथे कारोबारी सत्र में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 1,456 अंक गिरकर 74,559 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 436 अंक की गिरावट के साथ 23,379 के स्तर पर बंद हुआ था। पिछले 4 दिन में सेंसेक्स करीब 3,500 अंक और निफ्टी लगभग 1,000 अंक गिरा है।

# सोने पर शुल्क बढ़ाने से आयात नहीं घटेगा बल्कि कीमतें बढ़ेंगी: जीजेईपीसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को कहा कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आयात पर अंकुश नहीं लगता, बल्कि कीमतें बढ़ती हैं। परिषद ने इसके स्थायी समाधान के लिए केंद्र सरकार से उद्योग के हितधारकों के साथ बातचीत करने की अपील की है।



जीजेईपीसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आयात शुल्क बढ़ाने से शायद ही कभी सोने का आयात घटता है। यह केवल कीमतें बढ़ाता है। हाल के समय में सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात उसी अनुपात में नहीं घटा है। परिषद के अनुसार उच्च शुल्क तस्करी को बढ़ावा देते हैं और निर्यात लागत बढ़ाते हैं। वहीं, निर्यातकों को अब नामित एजेंसियों से शुल्क-मुक्त सोना खरीदने पर प्रति किलोग्राम 28-30 लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी पड़ रही है, जिससे कार्यशील पूंजी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

जीजेईपीसी ने बताया कि इसका सबसे गंभीर असर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिमार्ताओं पर पड़ेगा। बयान में कहा गया है कि परिषद में ऐसे 80 फीसदी सदस्य हैं जो गंभीर नकदी संकट का सामना कर रहे हैं।

सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह फीसदी से बढ़ाकर आज 15 फीसदी कर दिया। प्लैटिनम पर कर 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी कर दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने/चांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं।

# सोना-चांदी पर आयात शुल्क अब 15 फीसदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच रुपये को सहारा देने के लिए सरकार ने सोना और चांदी पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। ये दरें बुधवार से प्रभावी हो गई हैं।



वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में मंगलवार देररात अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार, सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर 10 फीसदी मूल सीमा शुल्क और 5 फीसदी कृषि अवसंरचना और विकास उपकर लगाया है। इससे प्रभावी आयात कर 6 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हो गया है। यह दरें 13 मई से लागू हो गई हैं।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना 16/2026 में सीमा शुल्क के माध्यम से कीमती धातुओं और उनसे बनी चीजों (निष्कर्ष) के लिए सीमा शुल्क दरों को अपडेट किया है। अधिसूचना के मुताबिक, सोना और चांदी से बनी चीजों पर पांच फीसदी शुल्क लगेगा, जबकि प्लैटिनम से बनी चीजों पर यह दर 5.4 फीसदी होगी। इसके अलावा कीमती धातुओं से बने इस्तेमाल हो चुके कैटेलिस्ट पर 4.35 फीसदी शुल्क निर्धारित किया गया है, बशर्ते संबंधित अनुपालन मानदंडों को पूरा किया जाए।

# विधानसभा की सीढ़ियों पर नतमस्तक हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, लोकतंत्र के मंदिर को किया नमन

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को विधानसभा भवन में प्रवेश करने से पहले उसकी सीढ़ियों पर नतमस्तक होकर लोकतंत्र के मंदिर को नमन किया। उनके इस कदम की तुलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2014 में संसद भवन की सीढ़ियों पर माथा टेकने की ऐतिहासिक तस्वीर से की जा रही है।



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी बुधवार सुबह 11 बजे से पहले विधानसभा के 18वें कार्यकाल के पहले सत्र और नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने विधानसभा पहुंचे थे। विधानसभा परिसर में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले सोमवार को नवान्न में मुख्यमंत्री पद संभालने के दौरान भी उन्हें इसी तरह का राजकीय सम्मान दिया गया था। गार्ड ऑफ ऑनर से पहले मुख्यमंत्री ने अपने काफिले से उतरकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह मुख्यमंत्री के लिए निर्धारित कक्ष में पहुंचे और वहां पूजा-अर्चना की। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले उन्होंने धार्मिक अनुष्ठान भी किया। बुधवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के 18वें कार्यकाल का पहला सत्र शुरू हुआ, जिसमें हालिया चुनाव में निर्वाचित विधायक पहली बार सदन में पहुंचे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और औपचारिक प्रक्रियाओं के बीच शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो दो दिनों तक चलेगा।

सुबह ठीक 11 बजकर दो मिनट पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी प्रोटेम स्पीकर तापस राय और मंत्री दिलीप घोष के साथ विधानसभा कक्ष में पहुंचे। इसके दो मिनट बाद, 11 बजकर चार मिनट पर उन्होंने विधायक के रूप में शपथ ली।

मुख्यमंत्री के बाद मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। इनमें अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू, निशीथ प्रमाणिक और अग्निमित्रा पाल शामिल रहे।

विधानसभा के पहले दिन एक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के कक्ष में उनसे मुलाकात करने पहुंचे। इसे राजनीतिक शिष्टाचार और बदलते राजनीतिक माहौल के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री से मिलने वालों में हरिहरपाड़ा से विधायक नियामत शेख, रघुनाथगंज से अखरुज्जमान और सूती से इमानी विश्वास शामिल थे। राजनीतिक हलकों में इन मुलाकातों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

हालांकि पूरे दिन शपथ ग्रहण और राजनीतिक गतिविधियां जारी रहीं, लेकिन विधानसभा की सीढ़ियों पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का नतमस्तक होना ही दिन की सबसे चर्चित और प्रतीकात्मक तस्वीर बनकर उभरा।

# पश्चिम बंगाल में अवैध टोल प्लाजा बंद करने का आदेश, जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की परिवहन व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राज्य के नए मुख्य सचिव मनोज कुमार अग्रवाल के कार्यालय की ओर से मंगलवार रात एक निर्देश जारी कर राज्य भर में संचालित सभी अवैध टोल प्लाजा और टोल गेट को तत्काल बंद करने का आदेश दिया गया है। यह निर्देश राज्य के सभी जिलाधिकारियों को भेजा गया है।

जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य के विभिन्न जिलों में जहां कहीं भी अवैध टोलगेट, ड्रॉपगेट, बैरिकेड या अवैध वसूली केंद्र संचालित हो रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द हटाना होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि भविष्य में दोबारा ऐसे अवैध टोलगेट या वसूली केंद्र स्थापित न किए जा सकें।



राज्य सरकार ने जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है कि किसी भी अवैध टोलगेट से यात्रियों या वाहन चालकों से किसी प्रकार की धनराशि की वसूली न हो।

इसके अलावा सरकार ने राज्य में संचालित सभी वैध टोल प्लाजा की जानकारी भी मांगी है। निर्देश में कहा गया है कि जिलाधिकारी यह जानकारी उपलब्ध कराएं कि राज्य में कुल कितने वैध टोलगेट हैं, उनका संचालन कौन कर रहा है और संबंधित टेंडर कितने समय के लिए दिया गया है।

सरकार ने अधिकृत वसूली केंद्रों की संख्या का ब्यौरा भी मांगा है। मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी जिलाधिकारियों को आगामी 15 मई, शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक विस्तृत रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है।

# संक्षिप्त खबरें

## दो बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौत



**सारण।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच-722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के रायपुरा कोल्ड स्टोरेज के पास दो बाइकों के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों मे परसा के अंजनी मठिया निवासी अरबिंद कुमार गरखा के पोहिया निवासी मो ऐजाज के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि छपरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक और विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटनास्थल पर ही दोनो युवकों की मौत हो गई और अफरा-तफरी मच गया। घायलों में रणजीत कुमार और अमित कुमार शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही भेलदी और गरखा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवागमन सुचारू कराया।

## बिहार के किशनगंज में निहार ईंट भट्ठा से 62 सिलेंडर जब्त



**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत जियापोखर थाना क्षेत्र के मालिनगांव पंचायत स्थित गिलहारी गांव में संचालित एमएस निहार ब्रिक्स ईंट भट्ठा में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के भंडारण के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित कुमार के आवेदन पर जियापोखर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी विशाल राज के निर्देश पर प्रशासनिक टीम द्वारा ईंट भट्ठा परिसर में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान भट्ठा परिसर से कुल 62 गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनमें 54 घरेलू गैस सिलेंडर, 8 कॉमर्शियल सिलेंडर तथा छोटे गैस सिलेंडर शामिल हैं। जांच के दौरान मौके पर मौजूद कर्मियों से सिलेंडरों से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। प्रशासनिक अधिकारियों ने बरामद सभी सिलेंडरों को जब्त कर सूची तैयार की। इसके बाद पुलिस बल की सहायता से सिलेंडरों को ट्रक पर लादकर पौआखाली स्थित गैस गोदाम भेज दिया गया।

## केरल में चार करोड़ के नारकोटिक्स मामले में सिलीगुड़ी से दो गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी।** केरल में करीब चार करोड़ के नारकोटिक्स मामले में केरल पुलिस ने सिलीगुड़ी से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हिरेन केके और अरोमल के रूप में हुई है, जो केरल के निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले महीने केरल में एक बड़े ड्रग्स तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ था। जांच के दौरान इन दोनों आरोपितों का नाम सामने आने के बाद से वे फरार चल रहे थे। उन्हें पकड़ने के लिए केरल पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर तलाश शुरू की। तफ्तीश में पहले इनकी लोकेशन गुजरात में मिली, जहां पुलिस टीम पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित वहां से सिलीगुड़ी पहुंच चुके थे। इसके बाद सिलीगुड़ी के सेवक रोड इलाके में छिपे होने की सूचना पर केरल पुलिस ने स्थानीय भक्ति नगर थाने की मदद से बीती रात संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। बुधवार को उन्हें जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें वापस केरल ले जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# नंदीग्राम सीट छोड़ेंगे सीएम शुभेंदु अधिकारी, बोले - वहां के लोगों को अपनी कमी कभी नहीं खलने दूंगा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को घोषणा की कि वह नंदीग्राम विधानसभा सीट छोड़ देंगे और भवानीपुर सीट से विधायक बने रहेंगे। हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में उन्होंने भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों सीटों पर जीत दर्ज की थी। बुधवार को उन्होंने भवानीपुर से विधायक के रूप में विधानसभा में शपथ भी ली।



विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि नंदीग्राम सीट पर अब उपचुनाव कराया जाएगा और वहां से कोई अन्य प्रतिनिधि विधायक चुना जाएगा। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले पांच वर्षों तक नंदीग्राम के लोगों को उनकी अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दी जाएगी।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि नंदीग्राम के विकास के लिए उन्होंने जो भी वादे किए हैं, उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों की तरह पूरा किया जाएगा। उन्होंने वर्ष 2009 से 2016 के बीच नंदीग्राम से तृणमूल कांग्रेस विधायक रहीं फिरोजा बीबी का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय वह स्वयं विधायक नहीं थे, फिर भी क्षेत्र के विकास में पूरा सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि इस बार भी वह नंदीग्राम के लिए उसी तरह काम करते रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि, हालिया विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर सीट पर तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को 15,105 मतों से पराजित किया था। वहीं, नंदीग्राम सीट पर उन्होंने तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार पवित्र कर को 9,665 मतों के अंतर से हराया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सादगी और ईंधन बचत संबंधी अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि केवल अत्यावश्यक सुरक्षा वाहन ही काफिले में रखे जाएंगे।

# फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग में करोड़ों का नुकसान

**सिलीगुड़ी।** शहर के पास पतिराम जोत के अनिल नगर इलाके में बुधवार तड़के भीषण आग लगने से एक पुरानी फर्नीचर फैक्ट्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मालिक पक्ष के अनुसार, इस हादसे में कई करोड़ रुपये के फर्नीचर जलकर नष्ट हो गए। स्थानीय लोगों ने सबसे पहले सुबह के समय फैक्ट्री से उठती आग की ऊंची लपटें देखी, जिसके बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग को बुलाया गया, लेकिन सड़क की सुविधा न होने के कारण दमकल की गाड़ियां समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। इस बीच आग इतनी तेजी से फैल गई कि स्थानीय लोग प्रयास करने के बावजूद उस पर काबू नहीं पा सके।

बाद में दमकल की एक छोटी गाड़ी वैकल्पिक रास्ते से मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की जांच माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने शुरू कर दी है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# बंगाल में गर्मी का असर बढ़ा, उत्तर बंगाल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

एजेंसी

**कोलकाता।** वैशाख के अंतिम दिनों में पश्चिम बंगाल में गर्मी का असर फिर तेज होने लगा है। कुछ दिन पहले लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल में सुबह और रात के समय मौसम सुहावना बना हुआ था। लेकिन पिछले दोझ्तीन दिनों में मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। तापमान के साथ रियल फील गर्मी बढ़ी है और हवा में नमी के कारण उमस भी महसूस हो रही है।



मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह से ही कोलकाता में तेज धूप का असर देखा गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अलीपुर मौसम कार्यालय की जानकारी के मुताबिक मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आसमान साफ रहने के कारण फिलहाल बारिश की संभावना नहीं है। वहीं हवा में नमी अधिक होने से उमस और असहजता बढ़ सकती है। अनुमान है कि शुक्रवार तक शहर का तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

दक्षिण बंगाल में मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने के संकेत हैं। अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना कम है और शनिवार तक तापमान में क्रमिक वृद्धि हो सकती है। नमी अधिक रहने के कारण उमस भी बढ़ेगी। पश्चिमी जिलों में गर्मी का असर अधिक महसूस होने की संभावना है और दोपहर के समय कहीं-कहीं सूखी गर्म हवाएं चल सकती हैं।

दूसरी ओर उत्तर बंगाल में मौसम बिल्कुल विपरीत बना हुआ है। बुधवार को भी कई जिलों में भारी बारिश जारी रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार तक वर्षा का यह दौर जारी रह सकता है। बुधवार को दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और उत्तर दिनाजपुर में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान गरज-चमक के साथ वर्षा और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है।

गुरुवार को भी उत्तर बंगाल के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और आंधी की संभावना बनी रहेगी। विशेष रूप से जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। हालांकि शुक्रवार से बारिश की तीव्रता धीरे-धीरे कम हो सकती है और शनिवार के बाद उत्तर बंगाल के जिलों में तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना है।

# आगजनी में चार घर जलकर राख, आठ मवेशियों की मौत

एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र की भागकोहलिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-03 में मंगलवार की देर रात हुई भीषण आगजनी की घटना में आठ मवेशी सहित दस लाख रुपए से अधिक मूल्य की संपत्ति जलाकर राख हो गया। आगजनी के कारणों का अस्पष्ट पता नहीं चल पाया है। लेकिन कयास लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आगजनी की घटना घटित हुई। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे चार परिवारों के आशियाने जलकर पूरी तरह राख हो गए।



घटना में घरों में रखे नगद रुपये, जेवर-जेवरात, कपड़े, अनाज समेत दैनिक उपयोग की सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। वहीं आग की चपेट में आने से आठ मवेशियों की झुलसकर मौत हो गई। आगलगी की इस घटना में लगभग दस लाख रुपये से अधिक की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार देर रात अचानक एक घर से आग की लपटें उठनी शुरू हुईं। तेज हवा और सटे हुए घरों के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। कुछ ही देर में आसपास के चार घर आग की चपेट में आ गए। आग की भयावहता ऐसी थी कि लोगों को घरों से सामान निकालने तक का मौका नहीं मिल पाया। ग्रामीणों ने बाल्टी, मोटर और अन्य संसाधनों के सहारे घंटों मशक्कत कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था।

पीड़ित परिवारों ने बताया कि आग में लगभग 25 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात, अनाज, बर्तन, कपड़े, फर्नीचर और जरूरी दस्तावेज तक नष्ट हो गए। वहीं घरों में बंधे आठ मवेशी आग में बुरी तरह झुलस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रहने और खाने तक का संकट उत्पन्न हो गया है।

# बीच गंगा नदी में नाव में अचानक आई खराबी, मची अफरातफरी

एजेंसी

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के ध्वस्त हो जाने के बाद से नाव से यात्रा करना लोगों की मजबूरी हो गई। रोजाना हजारों की संख्या में लोग नाव पर सवार होकर नवगछिया और भागलपुर आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को बरारी घाट से महादेवपुर घाट जा रही एक यात्री नाव बीच गंगा नदी में अचानक खराब हो गई। जिससे नाव पर सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। नाव पर बड़ी संख्या में महिला यात्री भी सवार थीं। बीच नदी में नाव करीब दो घंटे तक फंसी रही।

बताया जा रहा है कि नाव पर यात्रियों के साथ कई मोटरसाइकिलें भी थीं। इसी दौरान नाव का इंजन अचानक बंद हो जाने के बाद चालक और स्थानीय लोग उसे चालू करने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। बीच नदी में नाव फंसने से यात्रियों में डर का माहौल बन गया। खासकर महिला यात्री काफी परेशान हो गईं। उधर घटना की सूचना मिलने के बाद इंस्पेक्टर नीलू के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पहले महिलाओं समेत कुछ यात्रियों को दूसरी नाव के जरिए सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में अन्य यात्रियों को भी दूसरी नाव पर शिफ्ट किया गया। हालांकि मोटरसाइकिलों को दूसरी नाव पर लोड करना संभव नहीं हो सका। बचाव दल ने बताया कि खराब नाव के इंजन को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि इंजन चालू हो जाता है तो नाव को महादेवपुर घाट भेजा जाएगा, अन्यथा दूसरी बड़ी नाव से बांधकर टोचन के जरिए गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

# पटना पुलिस से मुठभेड़ में 2 वांछित अपराधी घायल, एक गिरफ्तार

**पटना।** राजधानी पटना के बिहटा थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों अपराधी की पुलिस की कड़ी निगरानी में ईलाज जारी हैं। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से प्रारंभिक पूछताछ के दौरान तीनों ने पूर्व में घटित एक हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आगामी आपराधिक घटना को अंजाम देने हेतु उपयोग किए जाने वाले हथियार बिहटा थाना क्षेत्र के एक स्थान पर छिपाकर रखे गए हैं। तत्पश्चात पुलिस टीम जब अपराधियों की निशानदेही पर बताए गए स्थल पर पहुंची, तभी अपराधियों द्वारा छिपाए गए हथियार से पुलिस बल पर अचानक फायरिंग प्रारंभ कर दी गई।

# सम्राट मंत्रिमंडल की बैठक डीए में बढ़ोतरी समेत कुल 19 एजेंडों पर मुहर

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 19 एजेंडों पर मुहर लगी। बिहार सरकार ने राज्य कर्मियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। सम्राट चौधरी सरकार ने कर्मचारियों का दो प्रतिशत डीए बढ़ा दिया है। अब यह 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत डीए हो गया है। सप्तम केंद्रीय पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से 60 प्रतिशत डीए का लाभ मिलेगा।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कहा कि छठा केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से अब 257 प्रतिशत के स्थान पर 262 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। पांचवा केंद्रीय वेतनमान में वेतन पेंशन प्राप्त कर रहे राज्य सरकार के सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों को 1 जनवरी 2026 के प्रभाव से 474 प्रतिशत के स्थान पर 483 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

अरविंद चौधरी ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में बिहार के 05 जिलों पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सिवान जिले में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण के कुल 05 पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की गई है।



अरविंद चौधरी ने कहा वित्तीय वर्ष 2026 -27 में राज्य सरकार द्वारा 64141 करोड़ 28 लाख 20000 रुपये बाजार ऋण सहित कुल 72901 करोड़ 30 लाख 97 हजार ऋण वसूली की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि वैशाली जिला अंतर्गत 100 एकड़ भूमि पर राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना होगी। इसके लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार को निशुल्क जमीन स्थानांतरित करने की स्वीकृति मिली है।

अरविंद चौधरी ने कहा कि पटना के बिहटा सिकंदरपुर में औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन के तहत फुल क्रीम मिल्क, टोंड मिल्क, दही और बटर उत्पादन इकाई की स्थापना होगी। इसके लिए 97 करोड़ 17 लाख 18 हजार रुपये की पूंजी निवेश की स्वीकृति मिली है। इससे 170 कुशल और अकुशल कमगारों का नियोजन होगा। कैबिनेट सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण अनुकूल परिवहन रोजगार योजना की स्वीकृति मिली है। 2030 तक कम से कम 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। इलेक्ट्रिक माल वाहक, टिपहिया वाणिज्यिक वाहन तथा दो पहिया एवं केवल महिलाओं के लिए चार पहिया गैर वाणिज्यिक वाहन के क्रय एवं निबंधन हेतु डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे रोजगार का भी सृजन होगा।

उन्होंने बताया कि बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना होगी। पांच वर्षों में 7000 विद्यार्थी को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा जाएगा। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर, एशियाई इंस्टिट्यूट ऑफ डिजिटल फाइनेंस तथा लाइनक्स फाउंडेशन के सहयोग से 5 माह का उन्नत एआई सर्टिफिकेशन प्रोग्राम संचालित किया जाएगा।

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा : प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री की अपील का असर

# एक ही बस से सिंहस्थ कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

एजेंसी

**भोपाल/उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईंधन बचत की अपील और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के बाद उज्जैन जिला प्रशासन ने भी पेट्रोल-डीजल बचाने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। बुधवार को सिंहस्थ-2028 की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आला अधिकारी अपनी अलग-अलग लग्जरी गाड़ियों के बजाय एक ही 'ट्रैवलर बस' (अर्बेनिया वाहन) में सवार होकर निकले।

प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी आगामी आदेश तक अपने काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से न्यूनतम वाहन रखने का निर्णय लिया है। साथ ही सभी मंत्रीगणों को भी यात्रा के समय न्यूनतम वाहनों का उपयोग करने को कहा है। इसके अलावा उन्होंने प्रदेशवासियों से भी आग्रह है कि वे सार्वजनिक परिवहन को अपनाएं।

बुधवार सुबह उज्जैन संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) सीईओ संदीप सोनी, तहसीलदार आलोक चोरे, जल संसाधन विभाग के ईई मयंक सिंह, योगेश बिरला, अवनेंद्र सिंह, ट्रैफिक डीएसपी दिलीप सिंह परिहार सहित



15 अधिकारी एक साथ अर्बेनिया वाहन में बैठकर सिंहस्थ मेले के लिए बनाए जा रहे 29 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। अधिकारियों ने करीब 6 किलोमीटर का क्षेत्र पैदल घूमकर एप्रोच रोड और घाटों की व्यवस्थाएं देखीं।

आगामी सिंहस्थ-2028 को लेकर किए जा रहे कार्यों का पिछले एक सप्ताह से अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। रोज कमिश्नर, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी और जल संसाधन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी अलग-अलग वाहनों से पहुंचते थे। अब एक साथ अधिकारियों के आने से ईंधन की बचत होगी।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, इस पहल से सरकारी धन की बड़ी बचत होगी। पहले निरीक्षण के दौरान कमिश्नर, कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के लगभग 15 अधिकारी अपनी-अपनी गाड़ियों से चलते थे। 15 गाड़ियों का काफिला जब 16-20 किमी का सफर तय करता था, तो प्रतिदिन लगभग 6,750 रुपये का ईंधन खर्च होता था। अब बुधवार को 15 अधिकारी एक साथ एक ही बस में बैठकर 29 किमी लंबे घाट क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे। इस सफर में मात्र ढाई लीटर डीजल खर्च हुआ, जिसकी कीमत 250 रुपये से भी कम है। हालांकि, बस का दैनिक किराया 4100 रुपये है, फिर भी यह काफिले के मुकाबले काफी सस्ता है।

मेला अधिकारी आशीष सिंह ने कहा कि इस पहल से शासकीय धन और बहुमूल्य ईंधन के अपव्यय पर रोक लगेगी। अधिकारियों की गाड़ियों का लंबा काफिला नहीं लगने से शहर में जाम की स्थिति भी पैदा नहीं होगी। इसके अलावा एक साथ सफर करने से अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय और टीम भावना मजबूत होगी।

## तमिलनाडु सरकार ने ज्योतिषी रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति रद्द की

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के राजनीतिक सलाहकार के रूप में राज्य सरकार द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल के भारी विरोध के बाद उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री विजय के निजी ज्योतिषी माने जाने वाले रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल को हाल ही में तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) ने पार्टी प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया था। इसके बाद विजय के मुख्यमंत्री पद संभालने के पश्चात तमिलनाडु सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री के राजनीतिक प्रभाग में विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। इस नियुक्ति का टीवीके सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और विदुथलाई चिरुथैगल काची सहित कई दलों ने कड़ा विरोध किया।

आज विधानसभा में हुए विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी डीएमडीके, वीसीके, कम्युनिस्ट दलों, मानवतावादी जनता पार्टी और मानवतावादी लोकतांत्रिक पार्टी समेत कई दलों ने सरकारी पद पर ज्योतिषी की नियुक्ति का विरोध जताया। डीएमडीके विधायक प्रेमलता विजयकांत ने तीखी आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री विजय से सीधे सवाल करते हुए उनसे पूछा कि उनके ज्योतिषी को सरकारी पद क्यों दिया गया। इसी बीच तमिलनाडु सरकार ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में रिकी रतन पंडित की नियुक्ति वापस ली जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस सांसद डॉ सैयद नसीर हुसैन ने एक्स पोस्ट में उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा गया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को उनकी जयंती पर राष्ट्रपति भवन में पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में जयंती पर विनम्र अभिवादन किया। वहीं, कांग्रेस सांसद डॉ सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद का राष्ट्र के प्रति समर्पण और संवैधानिक मूल्यों व लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक का 38 वर्ष की आयु में निधन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। अभी उनकी उम्र महज 38 वर्ष थी। सूत्रों के मुताबिक वह बीमार थे। सिविल अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, प्रतीक यादव को सिविल अस्पताल प्रातः 6:00 बजे लाया गया । अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रतीक फिटनेस के प्रति काफी गंभीर रहते थे। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे हैं। उनकी पत्नी अपर्णा यादव भाजपा की नेता हैं और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं।

### नगालैंड के राज्यपाल ने किए बाबा केदार के दर्शन

**देहरादून।** नगालैंड के राज्यपाल नन्द किशोर यादव बुधवार को बाबा केदार के दर्शन करने बाबा धाम पहुंचे। राज्यपाल ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री केदारनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। राज्यपाल नंद किशोर यादव प्रातः श्री केदारनाथ धाम पहुंचे, जहां मंदिर समिति व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में बाबा केदार के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के बाद उन्होंने धाम की दिव्य एवं आध्यात्मिक अनुभूति को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि केदारनाथ धाम आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्भुत केंद्र है। राज्यपाल ने यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न सेवा संस्थाओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए सराहनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने यात्रा मार्ग एवं धाम में उपलब्ध व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बताते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान राज्यपाल ने श्रद्धालुओं एवं तीर्थ पुरोहित समाज से भी संवाद किया और यात्रा अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा देश की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है। यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक नई ऊर्जा एवं सकारात्मक अनुभूति लेकर लौटता है।

### अजरबैजान से भगोड़े प्रभदीप सिंह का प्रत्यर्पण



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने वांछित भगोड़े प्रभदीप सिंह का अजरबैजान से सफल प्रत्यर्पण कराया, जिसको बुधवार को भारत लाया गया। प्रभदीप सिंह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में दर्ज एक मामले में मुख्य आरोपी था और नार्कोटिक्स रैकेट का आयोजक माना जाता है। सीबीआई के अनुसार प्रभदीप सिंह के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम-1985 के तहत मामला दर्ज था। इस मामले में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुए थे और कई सह-आरोपी गिरफ्तार किए गए थे। दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी कराया। अजरबैजान की पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भारत को सौंप दिया। दिल्ली पुलिस की तीन सदस्यीय एस्कॉर्ट टीम बाकू गई और उसे लेकर 13 मई को दिल्ली पहुंची। सीबीआई भारत में इंटरपोल की राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में कार्य करती है और भारतपोल प्लेटफॉर्म के जरिए सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करती है। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से पिछले कुछ वर्षों में 160 से अधिक वांछित अपराधियों का सफल प्रत्यर्पण कर भारत लाया गया है।

# हिमंत बिस्वा सरमा 2.0 सरकार : 26 मई को सदन में पेश होगा यूसीसी बिल

एजेंसी

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गये। बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आज से आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है तथा मंत्रियों के विभागों की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट ने 26 मई को सदन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है। हालांकि, जनजातीय समुदायों तथा सभी प्रकार की धार्मिक परंपराओं और रीति-रिवाजों को यूसीसी के दायरे से बाहर रखा जाएगा। प्रस्तावित यूसीसी में मुख्य रूप से विवाह की न्यूनतम आयु, संपत्ति अधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप तथा बहुविवाह जैसे विषय शामिल होंगे।



**राज्यपाल से लेकर मंत्रियों व अधिकारियों के काफिले में वाहनों की संख्या होगी कम**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल से लेकर मंत्रियों और अधिकारियों तक के काफिले में वाहनों की संख्या कम की जाएगी। साथ ही, वर्ष 2025 की तुलना में पेट्रोल और डीजल पर सरकारी खर्च कम करने का लक्ष्य रखा गया है। विदेशी मुद्रा की बचत के उद्देश्य से अगले छह महीनों तक राज्य सरकार विदेशी सामान की खरीद नहीं करेगी। इस दौरान सभी सेमिनार और कार्यशालाएं केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएंगी।**

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि असम विधानसभा का सत्र 21, 22, 25 और 26 मई को आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प पत्र ही नई सरकार के संचालन का आधार बनेगा।

सरकार ने दो लाख सरकारी नौकरियों के लक्ष्य को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव सभी विभागों के साथ चर्चा कर अगले पांच वर्षों में युवाओं को सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने की रूपरेखा पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

कैबिनेट ने महान गायक एवं सांस्कृतिक पुरोधा डॉ. भूपेन हजारिका की जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम को आगामी 8 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही, कलाक्षेत्र में डॉ. भूपेन हजारिका का संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जिस पर 32 करोड़ खर्च होंगे। इसमें से 13 करोड़ रुपये नॉर्थ ईस्ट काउंसिल द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, देवजीत लोन सैकिया को आगामी पांच वर्षों के लिए राज्य सरकार का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया है।

सरकार ने मितव्ययिता से जुड़े कई बड़े फैसले भी लिए हैं। अगले छह महीनों तक नए मंत्रियों को नई गाड़ियां नहीं दी जाएंगी। इसी अवधि में मंत्री, सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे। केवल चिकित्सकीय कारणों से ही विदेश जाने की अनुमति होगी।

## ईंधन बचत के लिए हिमाचल के राज्यपाल ने काफिला आधा किया

एजेंसी

**शिमला।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ती वैश्विक ईंधन चुनौतियों के बीच हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ईंधन बचत को लेकर कई बड़े फैसलों का ऐलान किया है। राज्यपाल ने अपने सरकारी काफिले में शामिल वाहनों की संख्या आधी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट खत्म होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में स्थिरता आने तक वह सरकारी हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

राज्यपाल ने बुधवार को लोक भवन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और आत्मनिर्भरता की अपील को ध्यान में रखते हुए लोक भवन में ईंधन संरक्षण को लेकर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोक भवन को 'फ्यूल कंजर्वेशन जोन' घोषित करते हुए कहा कि अब हर रविवार को यहां किसी भी सरकारी वाहन में पेट्रोल या डीजल का इस्तेमाल नहीं होगा। रविवार के दिन अधिकतर सरकारी काम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या सीमित संयुक्त यात्रा व्यवस्था के जरिए किए जाएंगे।

**● हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करेंगे**



राज्यपाल ने कहा कि गैर-जरूरी बैठकों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा ताकि अनावश्यक यात्रा और ईंधन खर्च को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब देश के लोगों से ईंधन बचाने की अपील की जा रही है, तब सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इसी सोच के तहत उन्होंने अपने सरकारी काफिले को छोटा करने और हेलिकॉप्टर का उपयोग बंद करने का फैसला लिया है। राज्यपाल ने लोगों से भी कारपूलिंग अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने और छोटी दूरी के लिए पैदल चलने या साइकिल का इस्तेमाल करने की अपील की।

## ब्रिक्स देशों की बैठक के लिए उज्बेकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान के नेता पहुंचे दिल्ली



एजेंसी

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलोएव बखरोमजोन जोराबोएविच, ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी, कजाकिस्तान के प्रथम उप विदेश मंत्री येरजहान अशिकबायेव और नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव डुनोमा उमर अहमद बुधवार को यहां पहुंचे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अलग-अलग एक्स पोस्ट में इन अधिकारियों के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और नाइजीरिया के अधिकारियों का भी यहां आगमन पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि ये सभी नेता ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए हैं। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर करेंगे। इसमें ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री शामिल होंगे। इसमें चीन का शेरपा प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा।

बैठक के दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के तहत 14 मई को दोपहर एक बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 'सेवा तीर्थ' में सभी विदेश मंत्रियों की संयुक्त मुलाकात होगी।

### विष्णुपुर जिले के तीन थाना क्षेत्रों से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक बरामद

**इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में उग्रवादियों की गिरफ्तारी के साथ ही छिपाकर रखे गये हथियारों की बरामदगी के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बलों का अभियान जारी है। इस कड़ी में मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को आधिकारिक बयान में बताया कि बिष्णुपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 11 एवं 12 मई को भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर ज़िले के कीबुल लामजाओ थानांतर्गत लाइसोई इलाके से 12 मई को बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से दो बोल्ट एक्शन राइफल, एक देसी 9 एमएम पिस्तौल, एक राइफल, एक रॉकेट मोर्टार, दो आईईडी जिनका वजन लगभग 4 किग्रा प्रत्येक था, चार एचई 36 हैंड ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, 30 अलग-अलग कैलिबर के गोला-बारूद के राउंड, छह हेलमेट, छह बीपी जैकेट, छह बीपी प्लेट, तीन अलग-अलग हथियारों की मैगजीन, एक पॉम्पी मोर्टार शेल, एक 12 बोर का कारतूस, पांच चार्जर के साथ बाओफेंग हैंडसेट, एक टेलिस्कोपिक साइट, पांच जिलेटिन स्टिक, एक पैरा बम, एक डेटोनेटर, दो मोर्टार शेल, एक 51 एमएम मोर्टार शेल, पांच ट्यूब लॉन्चिंग राउंड, तीन एक रिंग के साथ ट्यूब लॉन्चिंग ट्यूब, दो सिग्नल कार्ट्रिज और तीन बोरे जिनका इस्तेमाल आपत्तिजनक सामान छिपाने के लिए किया गया था, शामिल हैं।**

## अरुणाचल में वन्य पशु अंगों की तस्करी का भंडाफोड़

## 1.20 करोड़ की गैंडे के सींग समेत चार गिरफ्तार

एजेंसी

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पापुम पारे जिले के होलोंगी क्षेत्र में वन विभाग और बालिजान पुलिस की संयुक्त अभियान चलाया। बालिजान पुलिस और होलोंगी वन अधिकारियों की संयुक्त कार्रवाई में संदिग्ध गैंडे के सींग की तस्करी में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने आरोपितों के कब्जे से एक संदिग्ध गैंडे का सींग भी बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.20 करोड़ बताई जा रही है।

होलोंगी वन अधिकारी नबम राकेश ने बुधवार को बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर गैंडे के संदिग्ध सींग को बेचने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने ग्राहक बनकर तस्करों से संपर्क किया और असम-अरुणाचल सीमा क्षेत्र के होलोंगी में मिलने की योजना बनाई।

उन्होंने बताया कि पहली बैठक सफल नहीं हो सकी, लेकिन दूसरी बैठक 12 मई को होलोंगी नदी क्षेत्र में तय की गई।



इस दौरान अधिकारियों ने दो लोगों को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर मुख्य तस्कर के घर में तलाशी अभियान चलाया गया, जहां से एक संदिग्ध गैंडे का सींग बरामद किया गया।

वन अधिकारी के अनुसार, आरोपित इस सींग को करीब 1.20 करोड़ रुपये में बेचने की योजना बना रहे थे। कार्रवाई के बाद चारों आरोपितों को आगे की जांच के लिए बालिजान पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हेमंतो दास, रोमेन कोली, हमरजीत नारजरी और अजयसिंह देओमारी के रूप में हुई है। सभी आरोपी असम के बिस्वनाथ जिले के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) पापुम पारे तारू गुसार ने पुलिस और वन विभाग की टीम को सफल अभियान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि यह संदिग्ध गैंडे का सींग ईटानगर पहुंच जाता, तो तस्कर स्थानीय लोगों को ठगी का शिकार बना सकते थे। एसपी ने यह भी बताया कि हेमंतो दास एक आदतन शिकारी और तस्कर है, जिसके खिलाफ वन्यजीव अपराध से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह हाल ही में असम की जेल से एक वन्यजीव मामले में रिहा हुआ था।

## देश में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण पर पांच थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित करेगी केंद्र सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार देश में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण को बढ़ावा देने और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस के उद्देश्यों को सामने रखने के लिए पांच बिंदुओं की थीम आधारित कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन कार्यक्रमों में बाघ, एशियाई शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता संरक्षण से जुड़े प्रयासों, उपलब्धियों और चुनौतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि ये कार्यक्रम इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस शिखर सम्मेलन-2026 से पहले देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों का आयोजन गुजरात के गिर, मध्य प्रदेश के भोपाल, ओडिशा के भुवनेश्वर, सिक्किम के गंगटोक और महाराष्ट्र के चंद्रपुर में किया जाएगा।

गिर में एशियाई शेर संरक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रोजेक्ट लायन, वैज्ञानिक निगरानी प्रणाली, आवास सुधार और



मालधारी समुदाय की भूमिका को रेखांकित किया जाएगा। चंद्रपुर में बाघ संरक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट टाइगर, वन्यजीव गलियारों की सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली और मानव-बाघ संघर्ष कम करने के प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा।

भुवनेश्वर में तेंदुआ संरक्षण और जैव विविधता अंतरराष्ट्रीय दिवस से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मानव-वन्यजीव संघर्ष कम करने, बचाव तंत्र मजबूत करने और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। गंगटोक में हिम तेंदुआ संरक्षण कार्यक्रम के दौरान हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और स्थानीय समुदायों की भागीदारी पर जोर दिया जाएगा।

भोपाल में चीता संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों के पुनर्वास, घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और वैज्ञानिक निगरानी प्रणाली पर चर्चा होगी।

मंत्रालय के अनुसार, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस भारत की पहल पर शुरू किया गया वैश्विक मंच है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात प्रमुख बड़ी बिल्ली प्रजातियों के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741